Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 114
जयपुर, शनिवार, 28 सितम्बर 2024
पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ लैंड स्कैम में एफआईआर

## स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त को निर्देश दिए, हाईकोर्ट ने भी जांच करने को कहा था

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले मामले में एफआईआर दर्ज की है। कर्नाटक के एक स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त टीम को जांच का जिम्मा सौंपा है। दरअसल, कर्नाटक गवर्नर थावर चंद गहलोत ने 16 अगस्त को इस घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे। सिद्धारमैया इसके खिलाफ हाईकोर्ट गए, लेकिन 24 सितंबर को अदालत ने भी कहा कि जांच का आदेश सही है, ये होनी चाहिए। सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों का नाम एमयूडीए लैंड स्कैम में आया है। एक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा ने आरोप लगाया था कि सीएत ने एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर 14 महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया। जांच के खिलाफ सिद्धारमैया की याचिका हाईकोर्ट में खारिज 24 सितंबर को हाईकोर्ट ने ख्नठक्क स्कैम में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश को बरकरार रखा था। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने राज्यपाल के आदेश के खिलाफ सिद्धारमैया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा, 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।



### सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी

राज्यपाल ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। सीएम ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सिद्धारमैया बोले- सत्य की जीत होगी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वे जांच का सामना करने से नहीं डरते, लेकिन कानूनी सलाह लेंगे कि क्या इस मामले में इन्वेस्टिगेशन हो सकती है या नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मैं कानून और संविधान में विश्वास करता हूं। अंत में सच की जीत होगी। एमयूडीए पर आरोप है कि उसने 2022 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले मैसुरु के एक पॉश इलाके में 14 साइट्स आवंटित की। इन साइट्स की कीमत पार्वती की जमीन की तुलना में बहुत ज्यादा थी। हालांकि, इस 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार भी नहीं था।

### सिद्धारमैया पर क्या-क्या आरोप लगे हैं

सिद्धारमैया की पत्नी को एमयूडीए की ओर से मुआवजे के तौर पर मिले विजयनगर के प्लॉट की कीमत कसारे गांव की उनकी जमीन से बहुत ज्यादा है। स्नेहमयी कृष्णा ने सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इसमें उन्होंने सिद्धारमैया पर एमयूडीए साइट को पारिवारिक संपत्ति का दावा करने के लिए डॉक्युमेंट्स में जालसाजी का आरोप लगाया गया है। 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी सीएम या सीएम जैसे प्रभावशाली पदों पर रहे। भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े हों, लेकिन उन्होंने अपने पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों की मदद की। सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने साल 2004 में डेनोटिफाई 3 एकड़ जमीन अवैध रूप से खरीदी थी। 2004-05 में कर्नाटक में फिर कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार में सिद्धारमैया डिप्टी सीएम थे। योजना के तहत, जिन लैंड ओनर्स की भूमि एमयूडीए द्वारा अधिग्रहित की गई है। उन्हें मुआवजे के रूप में अधिक मूल्य की वैकल्पिक साइटें आवंटित की गई हैं। साथ ही रियल एस्टेट एजेंट्स को भी इस स्कीम में जमीन दी गई है। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। एमयूडीए ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था।

### प्रचार में सीएम ने जनसभा को किया संबोधित बोले

## कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा, नौकरियों में घोटाले करती है



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करते हुए कांग्रेस नेताओं पर जमकर प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने हरियाणा में नौकरियों और जमीनों में सिर्फ घोटाले किए है। वहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का झण्डा दुनिया में बुलन्द हो रहा है। डबल इंजन की सरकार में हरियाणा के विकास की रफ्तार दोगुनी हुई है। सीएम ने तोशाम विधानसभा क्षेत्र के बापोड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा जवानों और किसान की धरती है। मेहनतकश किसान देश को आगे बढ़ाता है और किसान का बेटा मां भारती की सेवा में समर्पित रहता है। लेकिन कांग्रेस ने हरियाणा में नौकरियों और जमीनों में सिर्फ घोटाले किए और 2014 से पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पैसे लगते थे। अब 2014 के बाद से डबल इंजन की सरकार में हरियाणा के युवाओं को रोजगार और किसानों को सम्मान मिल रहा है और हरियाणा में विकास की रफ्तार दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी चुनावी घोषणाओं और घोटालों का पुलिन्दा है। मॉर्निंग वॉक के समय लिया फीडबैक: मुख्यमंत्री हरियाणा प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह करनाल में मॉर्निंग वॉक पर आमजन से मुलाकात की और फीडबैक लिया।

### तिरुपति लड्डू विवाद- जगन को मंदिर जाने की इजाजत नहीं

## पूर्व सीएम बोले- घर में बाइबिल पढ़ता हूं लेकिन सभी धर्मों का सम्मान, राज्य में राक्षसों की सरकार

■ संजीवनी टुडे

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति मंदिर का दौरा कैंसिल कर दिया। जगन रेड्डी ने कहा, पुलिस ने मंदिर यात्रा को लेकर राज्य भर के वाईएसआर नेताओं को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि हमें तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। राज्य में राक्षसों का राज जारी है। जगन कल यानी 28 सितंबर को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने वाले थे। इधर, आंध्र प्रदेश सरकार की बनाई हुई 9 सदस्यों वाली एसआईटी ने तिरुपति के प्रसादम में एनिमल फैट पाए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। एसआईटी को गुंटूर रेंज के आईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी लीड कर रहे हैं। लड्डू विवाद तब शुरू हुआ, जब सीएम चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को यह आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी वाला वनस्पति तेल और फिश ऑयल मिलाया गया था। सीएम बनने के बाद जगन पहली बार सितंबर 2019 में मंदिर गए थे। तब उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर को पट्टू वस्त्रम भेंट किए थे। रेड्डी परिवार में पिता के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे सीएम थे। सीएम बनने के बाद जगन पहली बार सितंबर 2019 में मंदिर गए थे। तब उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर को पट्टू वस्त्रम भेंट किए थे। रेड्डी परिवार में पिता के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे सीएम थे। जगन रेड्डी बोले- घर पर बाइबिल पढ़ता हूं लेकिन सभी धर्मों का सम्मान जगन रेड्डी ने आगे कहा, 'मेरी जाति को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं। मैं घर पर बाइबिल पढ़ता हूं लेकिन हिंदू, इस्लाम और सिख धर्म का सम्मान करता हूं और उनका पालन करता हूं। संविधान के मुताबिक, अगर मुख्यमंत्री के बराबर के व्यक्ति को मंदिर में जाने की अनुमति नहीं है, तो मेरा सवाल है कि दलितों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा। जगन के मंदिर जाने पर विवाद क्यों... जगन के मंदिर जाने की खबर सामने आने के बाद टीडीपी ने 26 सितंबर को कहा था कि जगन को एंट्री तभी मिलेगी, जब वे मंदिर के उस घोषणापत्र पर साइन करेंगे, जिसमें लिखा हो कि उन्हें भगवान बालाजी पर विश्वास है।



### तिरुपति मंदिर में घोषणापत्र पर साइन करने की एक प्रथा

पार्टी का आरोप है कि इतने साल से वे साइन किए बिना ही मंदिर में गए हैं। दरअसल, हिंदुओं के अलावा बाकी धर्मों के लोग जो भगवान बालाजी के दर्शन करना चाहते हैं, उनके लिए तिरुपति मंदिर में घोषणापत्र पर साइन करने की एक प्रथा है। एपी राजस्व बंदोबस्ती-1 के तहत गैर हिंदुओं को दर्शन से पहले वैकुंठम परिसर में यह घोषणा करनी होती है। मई 2012- जगन तब कडप्पा से सांसद और वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष थे। उनके साथ कई कार्यकर्ता मंदिर पहुंचे थे।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 सहयोगी गिरफ्तार किए

## इनके पास से हथियार-बारूद बरामद, युवाओं को टेररिस्ट एक्टिविटी के लिए ट्रेंड करते थे

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में शुक्रवार को आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार कियाक्र पुलिस को इनके पास से 5 आईईडी, 30 डेटोनेटर, आईईडी की 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया- जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान का कश्मीरी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के लिए ऐसे युवाओं की तलाश कर रहा था, जिन्हें आतंकी संगठन में शामिल किया जा सके। उनका ब्रेन वॉश कर टेररिस्ट एक्टिवटी के लिए हथियार और गोला-बारूद दिए जा सकें। जिससे वे हमलों को अंजाम देते। इससे पहले 12 अगस्त को सुरक्षाबलों ने चरवाहा मॉड्यूल के 9 लोगों को पकड़ा था। ये सभी आतंकियों को घाटी में मिट्टी के घर में रुकने-खाने और जंगलों में छिपने की ट्रेनिंग देते थे। पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर ने इन युवाओं की मदद से आईईडी लगाने के लिए कुछ जगहों को सिलेक्ट भी कर लिया था। हैंडलर और आईईडी बनाने के लिए उन युवाओं को पैसे भी दिए थे, जिससे वे इसके लिए सामान ला सकें।



### पुलिस ने 50 चरवाहों को हिरासत में लिया

केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट पर सेना ने पुलिस को चरवाहों की जानकारी दी, क्योंकि आतंकी चरवाहों के रूट का ही घुसपैठ में उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने ढोंक में रह रहे 50 चरवाहों को हिरासत में लिया। इन्होंने सख्ती के बाद मुंह खोल दिया। घाटी के 169 'आतंकी' जम्मू शिफ्ट सेना को पता चला है कि कश्मीर में एक्टिव रहे 169 आतंकी बीते महीनों में जम्मू शिफ्ट हुए हैं। ये मूलतः किश्तवाड़, रामबन, डोडा, उधमपुर, राजोरी, पुंछ के हैं। जम्मू में इनका हिस्ट्री रिकॉर्ड पुलिस के पास नहीं है, इसलिए ये खुले घूम रहे थे। इन्हीं में से एक शख्स की बीते दिनों गिरफ्तारी हुई। तब बाकी का पता चला। ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से कई युवाओं के संपर्क किया पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान इस मॉड्यूल का हिस्सा रहे युवाओं की पहचान की गई। यह भी पता चला कि पाकिस्तान के आतंकवादी ने जेल में बंद एक ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से कई युवाओं के संपर्क किया, जिन्हें अवंतीपोरा और कुलगाम जिले के त्राल क्षेत्र में आतंकी रैंक में शामिल होने के लिए उकसाया गया था। युवाओं को आतंकी रैंक में शामिल होने में आसानी के लिए पिस्तौल, ग्रेनेड, आईईडी दी गई थी। युवाओं को आतंकी रैंक में शामिल करने से पहले टारगेट किलिंग, एसएफ, सार्वजनिक जगहों, गैर कश्मीरी मजदूरों पर ग्रेनेड फेंकने और आईईडी ब्लास्ट करने जैसी टेररिस्ट एक्टिविटी का निर्देश दिया गया था।

## एसओजी ने पेपर जालसाजी में दो क्रिमिनल को किया अरेस्ट

■ संजीवनी टुडे

### इनामी बदमाश को दी थी शरण, बचाने के लिए की थी रुपयों की व्यवस्था

जयपुर। राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने शुक्रवार को दो क्रिमिनल को अरेस्ट किया है। दोनों क्रिमिनल ने पेपर जालसाजी मामले में इनामी बदमाश को बचाने के लिए मदद की थी। फरारी के दौरान उसे पैसों की व्यवस्था कर बचाने की कोशिश में लगे थे। एसओजी टीम गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एडीजी (एसओजी) वीके सिंह ने बताया- गिरफ्तारी आरोपी कुलदीप मीणा (27) पुत्र हरिमन मीणा निवासी सुमित विहार जगतपुरा रामनगरिया और सतीश चन्द्र मीणा (34) पुत्र भेरुराम मीणा निवासी बगराना आगरा रोड को अरेस्ट किया है। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में मूल कैंडिडेट की जगह डमी कैंडिडेट बैठाकर आरोपी दीपक कुमार मीणा ने एग्जाम पास करवाई थी। दीपक कुमार मीणा ने खुद की जगह डमी कैंडिडेट बैठकार एसआई का एग्जाम पास किया था। जांच में दीपक कुमार मीणा और गैंग के सरगना मनीष कुमार मीणा, दिनेश कुमार मीणा और महेश कुमार मीणा व रोशन लाल मीणा के साथ तीन भर्ती परीक्षाओं में 6 कैंडिडेट की जगह डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास करवाकर चयनित होना सामने आया। इस सभी एग्जाम में आरोपी रोशन लाल मीणा डमी कैंडिडेट बनकर बैठा था, जिसे पूर्व में अरेस्ट कर लिया गया। मामले में दीपक कुमार मीणा के फरार चलने पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। दीपक की फरारी के दौरान कुलदीप मीणा ने उसे अपने घर पर शरण दी। छिपने के साथ ही रुपए देकर दीपक की मदद की। रेलवे में कार्यरत सतीश मीणा ने रिश्तेदार दीपक की फरारी कटवाने में मदद की। 21 सितम्बर को सतीश से वॉट्सऐप कॉल कर दीपक ने 5 लाख रुपए मांगे। जिसे हवाले के जरिए दीपक तक पहुंचाने की कोशिश के दौरान ही एसओजी ने दीपक को पकड़ लिया।



### दिल्ली की एयर क्वालिटी पर एससी बोला- हालात इमरजेंसी जैसे

## सरकार की दलील- 10,000 फैक्ट्रियां बंद करने को कहा, कोर्ट ने कहा- आपका काम कागजों में

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। चार साल में पराली जलाने की घटनाएं 50% कम हुई हैं, लेकिन समस्या बरकरार है। एक्यूएम के मुताबिक, 2020 में 87,632 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 2023 में ये 39,186 रह गए। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात हैं। एक्यूएम से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है? आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं? आपकी कार्रवाई केवल कागज पर है और आप मूकदर्शक हैं। अगर आप यह मैसेज नहीं देते हैं कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। पिछली सुनवाई के दौरान 27 अगस्त को कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली-गएट के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कर्मचारी कम होने की वजह से ठीक से काम नहीं हो रहा। कोर्ट ने पांच राज्यों को आदेश दिया था कि वे खाली पड़ी नौकरियों को 30 अप्रैल 2025 तक भरें।

### 19,000 जगहों का निरीक्षण किया

ताकि प्रदूषण पर काबू पाया जा सके। मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही है। एक्यूएम का जवाब- 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद करने को कहा एक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि एक्यूएम तीन साल से अस्तित्व में है, लेकिन इसने केवल 82 निर्देश जारी किए हैं। इतनी कार्रवाई काफी नहीं है। आयोग को और अधिक एक्टिव होने की जरूरत है। आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके निर्देशों से प्रदूषण की समस्या कम हो रही है या नहीं। दरअसल, केंद्र सरकार ने 2021 में एक्यूएम का गठन किया था। इसे दिल्ली-गएट और आसपास के इलाकों में बढ़ते प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए बनाया गया है। कोर्ट ने कहा- सब कुछ तो हवा में है सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने हलफनामा पढ़कर सुनाया। इसमें पराली संकट से निपटने को लेकर सलाह और दिशा निर्देश जारी करने जैसे कदमों की जानकारी दी गई। लेकिन अदालत इन कोशिशों से नाखुश नजर आई। जस्टिस ओका ने कहा कि, 'सब कुछ तो हवा में है। गएट राज्यों में जो किया गया है, उसके बारे में हमें कुछ भी नहीं बताया गया।' दिल्ली का प्रदूषण, 3 सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और पंजाब सरकार से पूछा था कि प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के किसानों के साथ हमदर्दी दिखाई।



### बदलापुर एनकाउंटर- आरोपी के पिता की हाईकोर्ट से गुहार

## लोग बेटे को दफनाने नहीं दे रहे, कोर्ट का पुलिस को आदेश- सुनसान जगह तलाशें

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। बदलापुर में यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे के पिता ने शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट से अपने बेटे को दफनाने के लिए जगह की मांग की। पिता का कहना था कि लोग अक्षय को दफनाने नहीं दे रहे हैं। आरोपी का शव ठाणे के एक अस्पताल के मुर्दाघर में रखा है। अक्षय के पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस एमएम सथाये ने पुलिस को सुनसान जगह तलाशने और अंतिम संस्कार करवाने का आदेश दिया है। शिंदे पर ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था। वह पुलिस हिरासत में था, जहां एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई थी। सरकार ने कहा था कि अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायरिंग की। पुलिस ने सेल्फ डिफेंस में गोली चलाई और अक्षय मारा गया। इस घटना के बाद अक्षय के परिवार ने आरोप लगाया कि उसे कस्टडी में जमकर पीटा गया था। मामले को दबाने के लिए एनकाउंटर कर दिया गया। उसका शव भी नहीं देखने दिया। आरोपी ने पहले पिता से कहा था कि उसे मरने के बाद दफनाया जाए सुनवाई के दौरान पब्लिक प्रॉसिक्यूटर हितेन वेनगांवकर ने कोर्ट को बताया कि बदलापुर और आसपास के इलाकों में सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे को दफनाने से इनकार कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि शिंदे के समुदाय में दफनाने की प्रथा नहीं है। परिवार के वकील ने बताया कि वे केवल इसलिए दफना रहे हैं ताकि भविष्य में शव को निकालने का विकल्प हो। शिंदे ने पहले भी दाह संस्कार की बजाय दफनाए जाने की इच्छा जताई थी। हालांकि बेंच ने कहा कि समुदाय यह तय नहीं करेगा कि माता-पिता क्या चाहते हैं। किसी को भी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। यह माता-पिता की पसंद है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी बोले-उप चुनाव में हमें कुछ खोना नहीं

## हमें तो सिर्फ पाना ही पाना है, हम इसे अच्छी तरह से पाकर रहेंगे

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान में होने वाले उप चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने कहा है कि हमें तो कुछ खोना ही नहीं है। हमें तो सिर्फ पाना ही पाना है। हम इसे अच्छी तरह से पाकर रहेंगे। अग्रवाल के बयान के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रभारी शुक्रवार को जयपुर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में हमारे पास केवल एक सीट है। एक सीट आरएलपी के पास है। एक सीट भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) और चार सीटें कांग्रेस के पास है। मेरी उन सभी पार्टियों को चुनौती है कि वह अपनी-अपनी सीट बचाने के अभियान में लग जाए। प्रदेश प्रभारी ने कहा- हमारे पास उप चुनाव में खोने के लिए कुछ नहीं है। हमें तो सिर्फ पाना ही पाना है। हम इसे अच्छी तरह से पाकर रहेंगे। हमने राजस्थान में एक बेहतर सरकार बनाई है। सरकार ने 9 महीने में ऐतिहासिक काम किए हैं। इसका फल आपको उप चुनाव में देखने को मिलेगा।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- किरोड़ीलाल मीणा विभाग की फाइलें निपटा रहे

मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ी लाल मीणा को लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- वे सरकार का ही काम कर रहे हैं। आप पता कर लीजिए। वह रोज विभाग से जुड़ी फाइलें निकाल रहे हैं। कहीं भी बैठकर काम करें, लेकिन वह सरकार का कामकाज देख रहे हैं। उन्होंने कहा- विपक्ष के साथी मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। किरोड़ी लाल मीणा पूरी तरह से सरकार और संगठन के साथ हैं। सरकार में कार्यकर्ताओं के काम नहीं होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- कार्यकर्ताओं को तो मजबूत रखना ही होगा। कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत बनता है। संगठन ही सरकार बनाता है। काम का कोई अंत नहीं होता है, डिमांड लगातार बढ़ती जाती है। कार्यकर्ताओं के काम की मांग तो हमेशा बनी रहेगी। हमारा कार्यकर्ता मांग कर रहा है, इसका मतलब है कि वह जागरूक है। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर हुए विवाद को लेकर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- कई मामले प्रभारी के स्तर के होते हैं। सबकी राय ली जाती है। हम सब बैठकर अपने परिवार को मजबूत कर लेंगे। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर कोई विवाद नहीं है। कई लोगों से चर्चा करनी होती है। जल्दबाजी हुई थी, उसमें हमने सुधार किया है। करीब 14 महीने बाद पिछले रविवार को युवा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा हुई थी।



## खबरें फटाफट

### 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन




■ संजीवनी टुडे

अलवर। 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 के तहत 19 वर्षीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सोफिया पब्लिक स्कूल अलवर में विशिष्ट न्यायाधीश हिमांकनी गौड के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति तहसीलदार महेंद्र कुमार शर्मा ने की। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक बाला प्रसाद सैनी व एडवोकेट मोहन स्वरूप शर्मा रहे। मंच संचालन कवि रामचरण राग ने किया। विद्यालय के निदेशक भगवान शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य दुर्भेघ तंवर, तनिष्क प्रधान, दीपा शर्मा, रितु सैनी, रीना जैन, अनिता, रूचि, हेमलता, पूनम, तनीषा और शारीरिक शिक्षक अंजना शर्मा, पूनम यादव, लक्ष्मी, गौरव भारद्वाज, नीलेश आदि मौजूद रहे।

### रसद विभाग द्वारा गुरुवार को जांच के दौरान 26 गैस सिलेंडर एवं एक छोटी भट्टी की गई जब्त

■ संजीवनी टुडे

पाली। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 27 सितम्बर, 2024 तक सम्पूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग/अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों/ दुकानों/ गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में गुरुवार को पाली जिले में गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं रिफिलींग करते पाये जाने पर जाडन स्थित आशापुरा किराणा एवं सब्जी भंडार से 17 घरेलू गैस सिलेण्डर, आईमाता किराणा स्टोर से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा सिंधी बाजार मारवाड जंक्शन स्थित श्री लक्ष्मी रेस्टोरेन्ट एण्ड स्वीट होम से 3 घरेलू गैस सिलेण्डर, जोधपुर मिष्ठान भण्डार से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा अग्रवाल मिष्ठान भण्डार से 3 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 1 छोटी भट्टी को जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 26 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 छोटी भट्टी को जब्त सरकार किया गया। इस दौरान संयुक्त जांच में प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार, जितेन्द्रसिंह आशिया एवं श्रीमती कृष्णा कंवर भाटी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

फालना गांव,पाली। ग्राम पंचायत फालना गांव के आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय पर महिला सशक्तिकरण को लेकर सरपंच करण सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में चार विभागों से संबंधित महिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना फालना की सामाजिक सलाहकार राखी चौहान व विधि सलाहकार ज्योति राव ने महिला उत्पीड़न, अत्याचार, शोषण, छेड़छाड़, भेदभाव व घरेलू हिंसा सहित महिलाओं के अधिकारों के लिए जानकारी देकर अवगत कराते हुए महिलाओं के लिए पुलिस व कानूनी सलाह उपलब्ध कराते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया ! कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक कमल कुमार यादव व रिटायर्ड कृषि अधिकारी कालूराम परिहार बाली ने उन्नत कृषि की जानकारी देते हुए महिला काश्तकारों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए गए व काश्तकारी में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत की वित्तीय स्वीकृति जारी

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद/जयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में राजसमंद जिला कलक्टर के प्रस्तावों पर मानसून वर्ष 2024 में अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुलों की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत एवं पुनरूत्थान हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से जिले में जरूरी मरम्मत कार्य होंगे और आमजन को राहत मिलेगी। आपदा सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव द्वारा जारी आदेश अनुसार प्राप्त प्रस्ताव क्रमांक 1396 के आधार पर अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड भीम तह. व ब्लॉक भीम के 103 कार्यों हेतु कुल राशि रुपए 144.65 लाख एवं अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड भीम तह. व ब्लॉक देवगढ़ के 75 कार्यों हेतु कुल राशि रूपये 120 लाख, कुल 178 कार्यों हेतु राशि रुपए 264.65 लाख की तात्कालिक मरम्मत हेतु राज्य आपदा मोचन निधि से स्वीकृति शर्तों के अध्यधीन प्रदान की गई है। इसी प्रकार से पुलों हेतु प्राप्त प्रस्ताव क्रमांक 1396 के आधार पर अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड भीम तह. व ब्लॉक देवगढ़ के 04 कार्यों हेतु कुल राशि रूपये 2.40 लाख एवं अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड भीम तह. व ब्लॉक भीम के 34 कार्यों हेतु कुल राशि रूपये 20.40 लाख कुल 38 कार्यों हेतु राशि रूपयें 22.80 लाख की तात्कालिक मरम्मत हेतु राज्य आपदा मोचन निधिसे स्वीकृति शर्तों के अध्यधीन प्रदान की गई है।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले मण्डल ने 11 सूत्री मांग पत्र जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

■ संजीवनी टुडे

### ओपीएस के समर्थन में कर्मचारियों का उमडा सैलाब




पिण्डवाडा/सिरोही। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के आह्वान पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गहलोत के नेतृत्व में जिले भर के सैकडों कर्मचारियों ने सुभाष उद्यान से पुरानी पेन्शन अधिकार हैं हमारा, एक दो एक दो युपीएस को फैंक दो के जिन्दादिली नारों के साथ रैली प्रारम्भ होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर सिरोही के माध्यम से मुख्य सचिव के नाम प्रतिनिधि मण्डल ने 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौपा।

राजस्थान शिक्षक संघ(प्रगतिशील)के मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गहलोत ने बताया है कि रैली सुभाष उद्यान से सैकडों कर्मचारियों ने बुलन्द नारो के साथ रैली प्रारम्भ हुई। रैली में कर्मचारियों ने न एनपीएस न युपीएस कर्मचारियों को चाहिये ओपीएस, आठवां वेतन आयोग गठित करो गठित करो, कर्मचारियों का एक ही नारा ओपीएस हैं हक हमारा, सरकारी विभागों का निजीकरण बन्द करो बन्द करों सहित विभिन्न नारों के साथ रैली गुन्जायमान हुई। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गहलोत ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सत्तासीन होने के बाद से ही पुरानी पेंशन योजना को जारी रखने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं करने एवं केन्द्र सरकार द्वारा युपीएस की घोषणा से शिक्षकों एवं कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त हो रहा हैं जो कर्मचारी विरोधी नीति को अंगीकार कर रहा हैं जब तक ओपीएस के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट नही हो जाती तब तक कर्मचारियों का संघर्ष जारी रहेगा।

साथ ही पी एफ आर डी ए अधिनियम को निरस्त करने, राज्य कर्मचारियों के 41 हजार करोड़ जीपीएफ खाते में जमा करवाने, पुरानी पेंशन योजना को जारी रखने, आंठवा वेतन आयोग गठित करने, मुख्यमंत्री बजट घोषणा अनुसार एसीपी 7, 14, 21 एवं 28 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति का वेतनमान स्वीकृत करने, जनवरी 2019 से माह जून 2021 तक का मंहगाई भत्ते के एरियर का नकद भुगतान करने, शिक्षकों के लिए पारदर्शी स्थानान्तरण नीति बनाने, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत कार्मिको को ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करवाने, सहायक कर्मचारियों के एमटीएस घोषित करने, प्रत्येक पांच वर्षों में एक बार वेतन संशोधन लागु करने, कर्मचारी संगठनों के सरकार से किये गये वेतन समझोतों को लागू करने सहित 11 सूत्री माँगो के लिए विशाल रैली के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यानाकर्षण कराया गया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. हनवन्तसिंह मेडतिया, जिलाध्यक्ष देवेश खत्री, जिला मंत्री इनामुल हक कुरैशी, सभाध्यक्ष भगवतसिंह देवडा, मिडिया प्रभारी गुरूदीन वर्मा, ब्लॉक सिरोही अध्यक्ष इन्दरमल खण्डेलवाल, पिण्डवाडा अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान, आबूरोड उपशाखा अध्यक्ष सत्यनारायण बैरवा रेवदर उपशाखा अध्यक्ष राहुल कुमार, जिला कोषाध्यक्ष शकील खोखर, धर्मेन्द्र खत्री, सत्येंद्र सिंह राठौड़, प्रवीण सपरा, गीता भाटी पूर्णिमा परिहार, कांतिलाल मीना, मोतीलाल देवासी, महेंद्र मीणा, शैसाराम, नरपत सिंह राव, जगदीश कुमार, सुरेश बिश्नोई, जोराराम, परवीन जानी, हरिराम कलावंत, बलवंत सिंह, रतीलाल मीणा, जलालुद्दीन , नवनीत माथुर सहित सैकडो शिक्षक रैली में उपस्थित हुए।

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अमेज़न और पाय जैम फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लॉन्च किया इको-हैकथॉन

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) और पाय जैम फाउंडेशन के साथ साझेदारी में एक इको-हैकथॉन लॉन्च किया है। प्रधानमंत्री के लाइफ अभियान के अनुरूप इस हैकथॉन का उद्देश्य है, छात्रों को प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता के ज़रिये पर्यावरण से जुड़ी समस्या का समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बनाना। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्नाटक सहित 14 राज्यों के सरकारी स्कूलों के 6ठी से 12वीं कक्षा तक के स्कूली छात्रों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्य मंत्री, कृति वर्धन सिंह ने कहा, ''यह इको क्रिएटिविटी और इनोवेशन हैकथॉन, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइफ अभियान के तहत एक पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम है। हमारा लक्ष्य है, पर्यावरण संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए युवाओं में जुनून पैदा करना।

हम पर्यावरण संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित और आमंत्रित कर रहे हैं, चाहे वह समस्या घर से जुड़ी हो, पड़ोस की हो या फिर वैश्विक स्तर की हो। यह हैकथॉन पहेली को सुलझाने और लीक से हटकर सोचकर समस्या-समाधान क्षमता बढ़ाएगा। अक्षय कश्यप, इंडिया लीड, अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम ने कहा, ''हमें केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और पाई जैम फाउंडेशन के साथ मिलकर इको-हैकथॉन की मेज़बानी करने का सौभाग्य मिला है, जो प्रधानमंत्री के लाइफ अभियान के अनुरूप पहल है। यह देश भर के अलग-अलग क्षेत्रों के छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने और हमारे समय की कुछ सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय समस्याओं का हल ढूंढने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

### प्रदेशभर में एक अक्टूबर से 7 को किया जायेगा समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अविनाश गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवम बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ - साथ सामाजिक बुराइयों एवम कुरीतियों के विरूद्ध जनचेतना जाग्रत करना है। अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्य को विभिन्न दिवसों में बांटा गया है, जिसके तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम और आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहला दिन अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, दूसरा दिन अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस, तीसरा दिन अपराधी सुधार दिवस, चौथा दिन बाल दिवस, पांचवा दिन महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, छठा दिन जनचेतना दिवस और सातवे दिन विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का समापन के रूप में प्रदेशभर में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं एवम स्थानीय निकायों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं, स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की विशेष भागीदारी होगी ताकि ज्यादा से ज्यादा आम जन समाज कल्याण सप्ताह से जुड़कर विभागीय योजनाओं का लाभ उठा सके।

## सुबोधिनी कार्यशाला का समापन

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। एस.एस जैन सुबोध पी.जी महिला महाविद्यालय रामबाग में , ''सुबोधिनी'' कार्यशाला का समापन समारोह आयोजन किया गया । पांच दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य सत्र 2024 के सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्न पत्र का विश्लेषण करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी श्री प्रदीप बोरड रहे ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेनू जोशी ने महाविद्यालय में आयोजित सुबोधिनी कार्यशाला के प्रयोजन को बतलाया कि यह कार्यशाला छात्राओ को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी हेतु सहायक रहेगी इससे न केवल उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में आने वाले प्रश्नों को समझने का मौका मिलेगा साथ ही साथ उन्हें अध्ययन की रूपरेखा बनाने में भी सहायता मिलेगी। महाविद्यालय के संयोजक श्री विनयचंद जी डागा ने छात्राओं को कार्यशाला मे भागीदारी के लिए बधाई दी उन्होंने महाविद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क कक्षाओं का छात्राओं को अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर पधारे माननीय श्री प्रदीप बोराड जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए यह बतलाया कि किस प्रकार से उन्हें सिविल सेवा की तैयारी करनी चाहिए और उन्हें अपने विषयों का चयन कैसे करना चाहिए उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या को इस प्रकार प्रतियोगिता की तैयारी हेतु कार्यशाला करवाने हेतु बधाई भी दी। कार्यक्रम में कार्यशाला की संयोजिका डॉ स्वाति जैन ने पांच दिवसीय इस कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम की समाप्ति पर उप प्राचार्या डॉ इंदु शर्मा ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉं रेखा जैन तथा तनु यादव ने किया।

## जिला कलक्टर ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के दिशा-निर्देशों की जिले में अनुपालना हेतु संबंधित विभागों को जारी किए पालन निर्देश

■ संजीवनी टुडे

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम आयुक्त, यूआईटी सचिव, रीको के इकाई प्रभारी एवं पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश जारी कर जिले में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग नई दिल्ली के विनिर्माण कार्यों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एनसीआर व आसपास के क्षेत्रों हेतु धूल नियंत्रण हेतु जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। जिला कलक्टर ने जिले में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उक्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्राधिकार में निर्माण एवं विध्वंस स्थलों पर धूल के कणों के उत्सर्जन को कम करने के लिए जल का पर्याप्त छिडकाव कराना सुनिश्चित कराने के साथ लिक्विड पॉलिमर इमल्शन जैसे धूल गमनकारी पदार्थों को प्रयोग करने, पूर्व निर्मित सामग्री और मॉड्यूलर निर्माण इकाइयों का उपयोग किया जाने, सामग्री की डिलिवरी के लिए तय की गई कम से कम करने, धूल नियंत्रण के लिए मचान शीट/जाल, विन्ड वैरियर का उपयोग कराने तथा हवा की स्थिति के दौरान हवा से उडने वाली धूल उत्पादन गतिविधियों को कम करने, भण्डारण के लिए बाडों/आवरण का उपयोग करावे जैसे तिरपाल, प्लास्टिक, कृषि सेड जाल, बाड आदि, निर्माण सामग्री का परिवहन ढक कर ही किया जावे, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उचित संग्रहण, पृथककरण एवं निपटान सुनिश्चित कराया जावे, धूल के कणों के उत्सर्जन को कम करने के लिए पर्याप्त संख्या में एन्टी स्मॉग गन का उपयोग कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि ऐसे निर्माण एवं विध्वंस स्थल जिनका क्षेत्र 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक है और जो वर्तमान में सक्रिय है उन सभी इकाइयों को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा विकसित वेब पोर्टल पर पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करावे। आयोग द्वारा जारी निर्देशों/सुझावों की अनुपालना तथा दोषी इकाइयों पर नियमानुसार कार्रवाई कर प्रगति प्रतिवेदन 10 अक्टूबर तक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल अलवर को प्रेषित करते हुए जिला कलक्टर कार्यालय को अवगत करावे।

## कारलू में 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

### सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कार्यक्रम में की शिरकत

■ संजीवनी टुडे



भीनमाल। कारलू गांव में चल रही 68वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा नेटबॉल,रग्बी फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी मुख्य आतिथ्य एंव जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।समापन समारोह में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा की जिलेभर से पहुँचे खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने की बात कही।

सासंद ने कारलू गांव में 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर भामाशाह एंव आयोजक टीम,ग्रामीणों को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि किसानों को अब उनके खाते में सीधे पैसे पहुंचते हैं।वही पेंशन के भी पैसे सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। सांसद ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अभियान चलाया जा रहा है।सांसद ने कहा की में किसान भाइयों से अपील करता हूं कि आप भी अपने आसपास में एक पेड़ अवश्य लगाये।इस दौरान जिला प्रमुख राजेश कुमार ने भी संबोधित किया। इस दौरान अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली एंव विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी, जसवंतपुरा प्रधान विमला चौहान, जसवंतपुरा भाजपा मंडल अध्यक्ष दौलतसिंह देवल,सीबीईओ त्रिकमाराम देवासी, चितरोड़ी प्रधानाचार्य ठाकराराम देवासी, डॉ.डायाराम,आंबा का गोलिया प्रधानाचार्य अशोक कुमार विश्नोई, मांडोली प्रधानाचार्य हिन्दूराम चौधरी,चितरोड़ी सरपंच हकमाराम, उड़वाडीया सरपंच जीतूभाई चौधरी, प्रतियोगिता सचिव जबरदान चारण, बाबूराम चौधरी उपस्थित रहे। सरपंच सुबटीदेवी, देवाराम चौधरी, वचनारामए.पुरोहित, भंवरलाल राजपुरोहित, गणपतलाल पुरोहित, मफाराम पुरोहित, मंगलाराम पुरोहित, पुनमाराम पुरोहित, रतनसिंह,सुरता राम चौधरी, सोहनगिरी, वचनाराम पुरोहित, जबरसिंह, नरसाराम चौधरी, गणपतलाल दर्जी, अशोक राजपुरोहित, लालाराम चौधरी, तेजाराम चौधरी, रमेशाराम राणा, गणेशाराम चौधरी, अर्जुनराम मेघवाल, वसनाराम मेघवाल, चमनाराम चौधरी, शंकराराम मेघवाल,घेवाराम दर्जी,सुरेश दर्जी,पांचाराम राणा,मौजूद रहे।

### दो युवकों के साथ जानलेवा हमला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडनें वाले शातिर व्यक्तियो को किये गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। कस्बा राजनगर में दिनांक 26.09.2024 की रात्रि करीब 08-08.30 पीएम पर एक समुदाय के दो युवकों भरत यादव व कृष्णा यादव के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमला कर बदमाश कालू पदा, आसिफ, तनवीर एवं बिलाल घटना के बाद फरार हो गये। पीडित पक्ष के द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसधांन प्रारंभ किया। बदमाशान समुदाय विशेष के होने से एक समुदाय के लोग थाने पर इक्कठे होकर धरना प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में श्री महेन्द्र पारीक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्री विवेकसिह पुलिस उप अधीक्षक वृत राजसमन्द के नेतृत्व मे पुलिस टीमें बनाकर अलग अलग स्थानो पर दबिश नाकाबंदी कर तीन बदमाशान 01. कालू उर्फ इकरार सिलावट पिता खलील मोहम्मद उम्र 23 वर्ष, 02. बिलाल उर्फ ढेंबरी पिता हिसाम खॉ उम्र 21वर्ष, 03. आसिफ अली उर्फ फ़ेजान निवासीयान राजनगर थाना राजनगर जिला राजसमन्द को डिटेन कर पूछताछ जारी है।

## शिक्षक संघ प्रगतिशील के राजगढ़ तथा रैणी ब्लॉक की कार्यकारिणी का हुआ गठन

■ संजीवनी टुडे



राजगढ़(अलवर)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 3 में सितंबर माह मे सेवानिवृत हो रहे वरिष्ठ शिक्षक साथी राम नारायण वर्मा को विदाई दी एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को सम्मानित किया। शिक्षक संघ प्रगतिशील के ब्लॉक अध्यक्ष राम चरण सुनारी ने बताया कि विदाई एवं सम्मान समारोह प्रांतीय मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव की अध्यक्षता एवं प्रांतीय महिला मंत्री सीमा मीना के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारीयों रघुनंदन शर्मा, लल्लू राम मीना, जिलाध्यक्ष अजय विजय, अशोक मुखीजा, अशोक शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए तथा अनिल योगी ने अपनी कविता के माध्यम से सेवानिवृत हो रहे शिक्षक साथी को विदाई दी। राम नारायण वर्मा ने अपने जीवन के खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया तथा पुरस्कृत शिक्षक दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि शिक्षक को अपने कर्तव्यो का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए तब ही पुरूस्कार मिलता है प्रांतीय महिला मंत्री सीमा मीना ने बताया कि शिक्षक की वर्तमान में बड़ी जिम्मेदारी है उसे बच्चों को नहीं पूरे समाज को बदलना होगा। आज़ समाज अवनति की और जा रहा है। मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव ने बताया संगठन को मजबूत करना आज के परिपेक्ष्य में बहुत अहम हो गया है आज शिक्षकों पर अनेक प्रकार की जिम्मेदारीयां डाली जा रही है इसलिए सभी को एकजुट होकर अपनी मांगों को उठाना चाहिए। संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा कदम उठाते हुए यादव ने राजगढ़ की ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया मुकेश कुमार मीणा व.अ. महात्मा गांधी स्कूल बल्लूपुरा को राजगढ़ ब्लॉक का अध्यक्ष तथा राजेंद्र कुमार सैनी अध्यापक कूंचा को राजगढ़ ब्लॉक का मंत्री सर्वसम्मति से चुना गया अशोक शर्मा को ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष तथा बिरदी चंद्र प्रजापत को ब्लॉक का सभाध्यक्ष बनाया गया। वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष राम चरण सुनारी को पुनः प्रांतीय कार्यकारिणी में शामिल कर लिया गया। रमेश चंद मीणा डाबला को रैणी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजगढ़ और रैणी ब्लॉक अध्यक्षों को 10 दिन में अपनी पूरी कार्यकारिणी गठित कर जिलाध्यक्ष को सूचित करने को कहा गया साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर शिक्षक संघ प्रगतिशील परिवार के सुरेश कुमार, हरिओम मीना, देवी सहाय मीणा, राम लाल मीना, हुकम सिंह, अंशु सैन, राजेंद्र मीणा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश सैनी कंचन अध्यापक द्वारा किया गया।

## संगीत आश्रम संस्थान के संगीत समारोह का हुआ आगाज




■ संजीवनी टुडे

जयपुर। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय संगीत समारोह का आगाज शुक्रवार को हुआ। समारोह के पहले दिन कथक कार्यक्रम में अनेक बाल कलाकारों ने आंगिक भाव-भंगिमाओं व आकर्षक फुटवर्क का बेहतरीन संयोजन दर्शाकर जयपुर घराने का शुद्ध पारंपरिक कथक का सौन्दर्य छलकाया। इससे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बाल कलाकारों ने गाइए गणपति जगवंदन... रचना पर लयबद्ध भावपूर्ण प्रस्तुति दी। नृत्यगुरु संजीव कुमावत के नृत्य निर्देशन में कलाकार एकाशीं, हिनाइशा, चार्वी अग्रवाल, रिद्म, आध्या, दज्शी शिवानी ने झपताल में कथक की प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने ठाट, आमद, परन आमद, तिहाई, चक्करदार टुकड़े समेत तीन ताल में निकास व घूंघट की गत का सुन्दर प्रदर्शन किया। इसी प्रकार बाल कलाकार समृद्धि, केशवी, एलिना, वाणी, वंशिका सिंह, आराध्या, दीपशिखा ने तीन ताल में रंगमंच प्रणाम, ठाट, आमद, तिहाई, सादा टुकड़े, कवित्त, तत्कार व तिहाई का सलोना प्रदर्शन कर कथक की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति देकर प्रशंसा बंटोरी। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि 28 सितंबर, शनिवार शाम 4.30 बजे बॉलीवुड प्लेबैक सिंड्क्षगग की स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की याद में गीतों भरी शाम संजोई जाएगी। फिर समारोह के आखिर में 29 सितंबर को शाम 5.30 बजे संस्थान परिसर में ही कलाकार दौलत सिंह का शास्त्रीय गायन होगा।

## खबरें फटाफट

### सांसद डा रावत को संसदीय समिति में स्थान

■ संजीवनी टुडे



सलूंबर। केंद्र सरकार ने 24 संसदीय समितियों का गठन किया है। उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत को कोल, माइंस एवं स्टील समिति का सदस्य मनोनित किया है। इस महत्वपूर्ण समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर हैं। सांसद रावत के इस समिति में मनोनयन से प्रदेश के साथ ही खनिज बाहुल्य मेवाड़ - वागड़ क्षेत्र में भी विकास व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### मालीखेड़ा विद्यालय में हुई चोरी

■ संजीवनी टुडे

भूपालसागर। उपखंड क्षेत्र भूपालसागर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालीखेडा में 22 तारीख रात्रि में अज्ञात चोर पार्थना स्थल पर लगी एल ई डी टीवी, आहूजा कंपनी की साउंड मशीन, पोषाहार कक्ष से तेल टीन, प्रधानाध्यापक कक्ष में लगा पंखा और टांड़ पर रखे 3 छत पंखे चुरा कर ले गए। प्रधानाध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया की 23 तारीख सवेरे 7 बजकर 30 मिनिट पर विद्यालय को खोला गया तो अंदर पाया की प्रधानाध्यापक कक्ष, प्रार्थना स्थल, कक्षा 8 के ताले टूटे हुए थे। इसकी सूचना तुरंत एसडीएमसी अध्यक्ष आस पास के अभिभावकों को दी एवम मोका बताया। साथ ही इसकी सूचना भूपालसागर पुलिस को दी जिस पर जासमा के चौकी प्रभारी रामचंद्र आए और मोका मुआयना किया और प्रकरण दर्ज कर जांच अनुसंधान प्रारंभ की।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संस्थाओं हेतु रजिस्ट्रेशन करने के लिए आवेदन की तिथि प्रारम्भ

■ संजीवनी टुडे

राजसमन्द। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं चिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर की एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेश/अध्ययनरत विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित करने से पूर्व शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने हेतु दिनांक 30 सितम्बर 2024 से 20 अक्टूबर 2024 तक पोर्टल प्रारम्भ किया जा रहा है। उक्त आवेदन वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे।

### जिले के सभी न्यायालयों में आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

राजसमन्द। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमन्द के सचिव श्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि आज (चतुर्थ शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिले के समस्त न्यायालयों में किया जायेगा। जिले में स्थित न्यायालयों में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राजीनामा योग्य लंबित एवं विवादपूर्ण श्रेणी के मुकदमों के शीघ्र निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव श्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार अपने प्रकरणों का निस्तारण बिना किसी परेशानी के आपस में राजीनामा करवा सकते हैं।

**चिकित्सा मंत्री ने किया टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ**

# तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की दिलाई शपथ: राजस्थान को बनाएं तंबाकू मुक्त प्रदेश : चिकित्सा मंत्री

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरूवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेशभर में टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से तम्बाकू की रोकथाम करने में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए और राजस्थान तम्बाकू मुक्त प्रदेश बनाने में सहयोग की अपील की। इस इस अवसर पर उन्होंने तंबाकू टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के पोस्टर का भी विमोचन किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवा एक लीडर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। आज का भारतीय युवा विश्वभर में हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को जीत सकता है। लेकिन उसे भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। किशोर- किशोरियां फिल्में देखकर धूम्रपान को स्टेटस सिंबल मानने लगा है, यह सही नहीं है। युवाओं को तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू उपयोग न करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर तंबाकू मुक्त प्रदेश बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता की दिशा में प्रभावी प्रयास निरंतर जारी हैं। तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जन-जागरूकता के साथ तम्बाकू नियंत्रण के नियमों की प्राथमिकता से पालना करवाई



जाएगी। मुझे विश्वास है कि सभी एकजुट होकर तम्बाकू मुक्त प्रदेश तथा आयुष्मान राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि तम्बाकू सेवन एवं नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर, अस्थमा, हृदय, रोग, टीबी आदि भयावह रोग होने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा तंबाकू की लत का शिकार हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत से पीड़ित नवयुवकों को तम्बाकू विमुक्त एवं नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं व जनसहभागिता से सामूहिक प्रयासों को और बढ़ाया जाएगा। मिशन निदेशक एनएचएम श्रीमती भारती दीक्षित ने टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जनजाग्रति, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू मुक्त ग्राम बनाने, तंबाकू नियंत्रण अधिनियमों की पालना एवं सोशल मीडिया द्वारा जागरूकता जैसी विभिन्न गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर आयोजित की जाएंगीद्य उन्होंने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक डैशबोर्ड भी तैयार किया गया है, जिसके तहत इन गतिविधियों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। निदेशक आईईसी श्री शाहीन अली खान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश माथुर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अभियान के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त फूड सेफ्टी श्री पंकज ओझा, निदेशक आरसीएच डॉ सुनीत राणावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। राज्य नोडल अधिकारी राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ. एसएन धौलपुरिया ने बताया कि शुभारम्भ कार्यक्रम से पूर्व प्रातः तकनीकी सत्र में जिला स्तरीय टीमों का टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 की कार्ययोजना के संबंध में ओरिएंटेशन प्रदान किया गया है। साथ ही राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन में मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी लाल शाह ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। तम्बाकू नियंत्रण पर मोटिवेशनल फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के प्रो. पवन सिंघल ने तम्बाकू एक मानव त्रासदी- कारगर उपायों एवं रणनीतियों पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया।।

## प्रदेश में यूपीएस लागू न कर ओल्ड पेंशन यथावत रखने को लेकर महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

■ संजीवनी टुडे

मावली। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर )के प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संरक्षक एवं सलाहकार पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन स्कीम बंद न करने और विद्यालय समय 7:00 बजे से 1:00 बजे तक दिनांक 20 अक्टूबर 2024 तक रखने को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़ के मार्फत महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान सरकार जयपुर के नाम ज्ञापन सौपा द्य इस दौरान जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मेघवाल ने बताया की पुरानी पेंशन यथावत रखी जाए और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में एनपीएस के स्थान पर यूपीएस यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की गई जो पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प नहीं हो सकती है लेकिन राजस्थान में पुरानी पेंशन स्कीम लागू है इसलिए राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार की तर्ज पर यूपीएस योजना को लागू नहीं कर दे इसके लिए पुरानी पेंशन को यथावत रखा जाए, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र बेरवा ने बताया की विद्यालय शिविर पंचांग के अनुसार 1 अक्टूबर 2024 से



विद्यालय समय परिवर्तन किया जाएगा। लेकिन वर्षा ऋतु के अंतिम समय में भीषण गर्मी एवं विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों को मध्य नजर रखते हुए विद्यार्थियों के हित में 20 अक्टूबर 2024 तक विद्यालय समय 7:00 बजे से 1:00 बजे तक यथावत रखा जाए इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र नलवाया जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश परदेसी, केशव वर्मा , ब्लॉक महामंत्री गुलाब वर्मा राम अवतार रेगर भूपेन्द्र जाटव राजेश वर्मा धर्मेन्द्र कुमार गौरी शंकर खटीक नवनित मीणा दलाराम मीणा आदि शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे ।

## एक दिवसीय कार्यशाला ग्राम पंचायत में सतत विकास लक्ष्य का स्थानीकरण का अयोजन किया

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार के निर्देशानुसार प्रदान संस्थान के तकनीकी सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला ''ग्राम पंचायत में 9 सतत विकास लक्ष्य का स्थानीकरण'' का आयोजन पंचायत समिति सभा-भवन, जयसमंद में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रधान गंगाराम जी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में बी.डी.ओ., कृषि उधान, पशुपालन, जल-ग्रहण, गाँव विकास अधिकारी, सरपंच व राजीविका के अधिकारी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदान संस्थान से भूमि एवं रविंदर ने सतत विकास लक्ष्य, जीपीडीपी प्लानिंग करने के लिए पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई और प्रदान संस्था के रूपम व नयनेश ने भाग लिया। कार्यशाला में निम्न बिंदों पर



चर्चा की गई। सभी नौ सतत विकास लक्ष्यों के बारे में समझ बनाई गईं और ब्लॉक ग्राम पंचायतों द्वारा संकल्पित सतत विकास लक्ष्यों 1,4,9 को ध्यान में रखते हुए जी. पी. एफ. टी के चयन पर चर्चा की गई और जी.पी.डी.पी. बनाने को लेकर चर्चा हुई और प्रदान संस्था के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधान गंगाराम जी ने कहा कि हमारे ब्लॉक के सभी पंचायतों द्वारा सभी 9 थीम में कार्य किया जाएगा तथा विशेष थीम पर भी पूर्ण ध्यान दिया जाएगा ताकि जमीनी स्तर पर विकास किया जा सके एवं बी.डी.ओ दयाचंद यादव द्वारा ग्राम पंचायतों की जीपीएफटी टीम का गठन पर चर्चा की गई। इन सभी गतिविधियों के द्वारा कार्य का समापन किया गया।

## स्कुल में हुई चोरी की वारदात का खुलासा 'दो आरोपी गिरफ्तार चोरी का माल बरामद



■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। बेगूं थाना पुलिस ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघपुरा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी किया गया माल बरामद। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि ने बताया कि दिनांक 03 सितम्बर 2024 को प्रार्थी श्री प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विध्यालय मेघपुरा पंचायत मेघपुरा थाना बेगू ने उपस्थित थाना हो रिपोर्ट पेश कि की गत रात्री को स्कुल में कार्यालय एव अन्य कमरो का ताला तोड़कर चोर एक लैपटॉप, इन्वेंटर की बैटरी ,मॉनिटर , खाद्य सामाग्री,अन्य सामान कुर्सी आदि। अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गए है जिस पर भगवत सिह हिगड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा व अजंलिसिह पुलिस उप अधीक्षक बेगू के नेतृत्व में रविन्द्रसिह पुनि. थानाधिकारी थाना बेगू द्वारा अनुसंधान अधिकारी एएसआई गोवर्धन सिह मय जाप्ता की टीम गठित की गई। दौराने अनुसंधान घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये एवं फुटेज मे संदिग्ध दो व्यक्ति दिखने संदिग्ध व्यक्तियो के फोटो मौतबिर व मुखबिरों को बताया गया पुलिस टीम ने लगातार अभियुक्तो की तलाश की काफी प्रयास के बाद जरिये मुखबिर खास से सूचना मिली की सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले आरोपी 1. राकेश पिता हरिराम जाति कंजर उम्र 23 वर्ष निवासी पाडावास जिला चित्तौडगढ़ व श दिनेश पिता सुरेश जाति कंजर उम्र 21 वर्ष निवासी पाडावास जिला चित्तौडगढ़ को गिरफतार कर प्रकरण हाजा का चोरी गया माल एक लैपटॉप इन्वर्टर की बैटरी मॉनिटर कीबोर्ड व कुर्सिया चोरी का माल गरामद किया गया।

## राजस्थान के जनजाति अंचल के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्री जुएल ओराम से की मुलाकात

**टीएडी मंत्री खराड़ी के नेतृत्व में सांसद डॉ.रावत, राजस्व मंत्री मीणा व विधायक मीणा ने की महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा**

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। केन्द्र सरकार द्वारा जनजाति कल्याण से संबंधित विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और राजस्थान के संवैधानिक विषयों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा सांसद डॉ.मन्नालाल रावत के साथ प्रदेश के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम से मुलाकात की। राजस्थान के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी के नेतृत्व में पहुंचे राज्य के इस दल ने केन्द्रीय मंत्री श्री ओराम से राजस्थान में अनुसूचित जाति-जनजाति सहित कमजोर व पिछड़े वर्गों के विकास तथा जनजातियों संबंधित संवैधानिक विषयों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री ओराम को राजस्थान के जनजाति अंचल की भौगोलिक पृष्ठभूमि और



वैकासिक परिदृश्य के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, वनाधिकार मान्यता अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षा संबंधित विषय, ग्राम्यांचलों के उन्नयन की दृष्टि से विकास कार्यों यथा एनीकट, चैकडेम, सड़क आदि के निर्माण आदि विषयों पर चर्चा की और समग्र लोकहित में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। राजस्थान के इस दल ने केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम से मुलाकात दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्रीय बजट में जनजाति अंचलों में विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए घोषित किए गए प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय का आभार जताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनजाति समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए केन्द्र सरकार का अभियान कारगर साबित होगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह अभियान सतत विकास, बुनियादी ढाँचे, आजीविका और सेवाओं तक पहुँच को बढ़ाकर आदिवासी समुदायों के उत्थान का आधार बनेगा। मुलाकात दौरान सांसद डॉ.रावत ने उदयपुर लोकसभा में 100-100 युवाओं को अखिल भारतीय सेवाओं, लोक कला में पारंगत करने व जेईई/नीट यूजी एवं एक हजार जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार से लखपति दीदी बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत विशेष केंद्रीय अनुदान के प्रस्ताव केंद्रीय जनजातीय मंत्री को प्रस्तुत किये। जनप्रतिनिधियों के इस दल ने अपने प्रवास दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके और अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य से भी मुलाकात की और जनजाति क्षेत्रीय विकास संबंधित समस्त विषयों पर संवाद किया।

## जिला स्तरीय 68वीं क्रिकेट टूर्नामेंट में 19 वर्षीय छात्र वर्ग प्रथम स्थान मेजर नटवर सिंह विद्यालय चित्तौड़गढ़ एवं द्वितीय स्थान कपासन रहा समापन

■ संजीवनी टुडे

जाशमा । उपखंड भूपाल सागर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनोपपुरा में चार दिवसीय 19 वर्षीय छात्र वर्ग के खेलकूद 24 सितंबर से 27 सितंबर तक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अनोपपुरा के सरपंच कमलेश जाट ने की ,मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधान कपासन के भैरूलाल जाट ने की एवं विशिष्ट अतिथि कांग्रेस भूपाल सागर के मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम टाक, डेरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट बालू राम जाट ,पंचायत समिति सदस्य प्रकाश चंद्र जाट ग्राम पंचायत बबराना के सरपंच गौतम विजयवर्गीय भूपाल सागर के शिक्षा विभाग के सीबीओ चेतना सारंग देवोत,प्रदेश महामंत्री हर्षित पियाल ,जीएसएस अनोपपुरा के अध्यक्ष राजमल गुर्जर ,पूर्व सरपंच अनोपपुरा के बाबूलाल भील उप सरपंच रामेश्वर लाल जाट प्रधानाचार्य किशनलाल गाडरी ,जाशमा के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र सुखवाल , पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवीलाल जाट ,शारीरिक शिक्षक के जिला



अध्यक्ष तिलकेश आचार्य ,मुख्य निर्णायक अजय पाल सिंह ,पूर्व सी थानेदार गोपी लाल जाट मुरलीधर शर्मा जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जाट नेवाडा अब्बास भाई आदि की उपस्थिति में 68वीं क्रिकेट जिला स्तरीय का समापन हुआ

क्रिकेट खेल के विषय में बालकों को कभी हार जीत को नहीं देखना चाहिए इस जिंदगी में आए तो कभी जीत जाते हैं तो खुशी की लहर छा जाती है हार जाते हैं वह भी ऐसा गम नहीं होना चाहिए खेल में भी बालकों को रुचि रखने चाहिए पढ़ाई में भी रुचि रखने चाहिए एवं समय-समय का कार्य करना चाहिए और पढ़ना भी चाहिए जो मुख्य अतिथि भैरूलाल जाट ने बालक बालिकाओं का हार्दिक अभिनंदन किया गया एवं राज्य स्तर पर खेलने के लिए ट्रैक सूट देने की घोषणा की है एवं शारीरिक शिक्षक जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ के तिलकेश आचार्य ने जो प्रथम आने वाले टीम को ?1100 सेकंड आने वाले को ?500 का पैरिटो स्थित दिया गया और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 500 ? दिए गए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज पवन नायक एवं दीपक गिरी कपासन को परितोषित दिया गया एवं मुख्य अतिथि ने ?1100 प्रथम आने वाले को दिया और आने वालों को भी दिए अपने-अपने विचार खेल खिलाड़ियों का होता है सरपंच कमलेश जाट ,तिलकेश आचार्य ने बताया कि क्रिकेट मैच बहुत ही अच्छा हुआ सभी अनुशासन निष्पक्ष से निर्णायक बंधु अजय पाल सिंह एवं श्याम सिंह पर्यवेक्षक ने परिवदेन में बताया की 22 टीमों ने भाग लिया जिले स्तर पर 320 खिलाड़ियों ने भाग लिए बाहर से आने वाले मेहमानों का ग्रामवासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन माल्यार्पण किया गया हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम का संचालन सुरेश चंद्र जोशी ने किया।

## चोरी की तीन मोटर साईकले व एक स्कुटी बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी की तीन मोटरसाइकिल तथा एक स्कूटी बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया की शहर के विभिन्न इलाको से चोरी गये वाहनो की बरामदगी एवं अपराधियो की धरपकड के लिये वृताधिकारी तेज पाठक के सुपरविजन मे थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सादा वस्त्रो मे चोरी होने वाले स्थानो पर निगरानी रखी गयी। निगरानी के दौरान कुछ संदिग्धो को चिन्हित किया गया एवं उन्हे डिटेन कर पूछताछ की गयी। पुछताछ के दौरान आरोपियो ने सावंरिया हॉस्पीटल व बोजुन्दा अन्य स्थानो से तीन मोटर साईकले व एक स्कुटी चोरी करना बताया। पुछताछ के बाद तीन मोटर



साईकले व एक स्कुटी पृथक-पृथक बरामद कर एक आरोपी सिचाई नगर कीरखेडा थाना कोतवाली चितौडगढ निवासी नमन कीर पिता बालकिशन कीर व कुंभानगर थाना सदर चितौडगढ निवासी विजय सिंह पिता शंकर सिंह जाति राजपुत को गिरफ़्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। पुलिस टीमः- गजेन्द्र सिंह थानाधिकारी एएसआई हीरालाल, कानि गजेन्द्र सिंह, बबलु कुमार, विनोद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, शिवराम , शिवकुमार कुमार, बबलु आदि रहे।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# विश्व पर्यटन दिवस पर जानिये जिंदगी में खुशियों के लिए कितना जरूरी है घूमना




विश्व पर्यटन दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यटन और उसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक मूल्यों के प्रति विश्व समुदाय को जागरूक करना है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा 1980 में शुरू किया गया जो प्रत्येक वर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाता है। यह विशेष दिन इसलिये चुना गया क्योंकि इस दिन 1970 में यू.एन.डब्ल्यू.टी.ओ. के कानून प्रभाव में आये थे जिसे विश्व पर्यटन के क्षेत्र में बहुत बड़ा मील का पत्थर माना जाता है, इसका लक्ष्य विश्व पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदायों के लोगों को जागरूक करना है। पर्यटकों के लिए विभिन्न आकर्षक और नए स्थलों की वजह से पर्यटन दुनियाभर में लगातार बढ़ने वाला और विकासशील आर्थिक क्षेत्र बन गया है। भारत पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध एवं व्यापक संभावनाओं वाला देश है।

भारत अपनी सुंदरता, ऐतिहासिक स्थलों, प्रकृति की मनोरमा के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय-धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इस देश की इन विविधताओं ने ही अनेक यायावरी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारतीय पर्यटन विभाग ने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये सितंबर 2002 में 'अतुल्य भारत' नाम से एक नया अभियान शुरू किया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देना था। इस अभियान के तहत हिमालय, कश्मीर, वन्य जीव, योग और आयुर्वेद पर अंतर्राष्ट्रीय समूह का ध्यान खींचा गया। देश के पर्यटन क्षेत्र के लिए इस अभियान से पर्यटन की संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं। जीवन की आपाधापी, भागदौड़ से हटकर भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच जीवन के मायने ढूंढ़ने में यायावरी लोगों को सुखद अनुभव हुए हैं। पर्यटन से सत्य की खोज ने उन्हें अनूठे एवं विलक्षण ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों से साक्षात्कार करवाया है।

भारत विश्व के पाँच शीर्ष पर्यटक स्थलों में से एक है। विश्व पर्यटन संगठन और वर्ल्ड टूरिज्म एण्ड ट्रैवल काउन्सिल तथा पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणीय संगठनों ने भारतीय पर्यटन को सबसे ज्यादा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र के रूप में बताया है। भारत के प्रति विश्व के पर्यटकों को आकर्षित करने में यात्रा साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब तक यात्रा साहित्य की दृष्टि से राहुल सांकृत्यायन का 'मेरी तिब्बत यात्रा', डॉ. भगवतीशरण उपाध्याय का 'सागर की लहरों पर', कपूरचंद कुलिश का 'मैं देखता चला गया', धर्मवीर भारती का 'ढेले पर हिमालय' तथा नेहरू का 'आंखों देखा रूस', रामेश्वर टांटिया का 'विश्व यात्रा के संस्मरण', आचार्य तुलसी का यात्रा साहित्य की ही भांति पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमें अपना देश' आदि मार्मिक और रोचक यात्रा-वृतांत है। यह यात्रा साहित्य इतनी सरल शैली में यात्रा का इतिहास प्रस्तुत करता है कि पाठक को ऐसा लगता है मानो वह इन लेखकों के साथ ही यात्रायित हो रहा है। जिस तरह हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, लगभग वैसा ही विविधरूपी, बहुरंगी और बहुआयामी गुलदस्ता है- भारत का पर्यटन संसार। एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं। किसी फूल में कश्मीर की लालिमा है तो किसी में कामरूप का जादू। कोई फूल पंजाब की कली संजोए हैं, तो किसी में तमिलनाडु की किसी श्यामा का तरन्नुम। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और अन्य प्रदेशों के पर्यटन स्थलों को देखना एक सुखद एवं अद्‌भुत अनुभूति का अहसास है। यह भारत पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। भारत सरकार एवं विभिन्न राज्यों की सरकारें पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये समय-समय पर अनेक योजनाएं प्रस्तुत करती हैं। 'पैलेस ऑन व्हील्स' ऐसा ही एक उपक्रम है, जिसे देश की शाही सैलानी रेलगाड़ी का तीसरा हॉस्पिटेलिटी इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड दिया गया है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# आधुनिक जीवनशैली पहुंचा रही हृदय को आघात

आज के आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य का जीवन चक्र ही बिगाड़ दिया है जिसका गंभीर परिणाम मनुष्य के स्वास्थ्य पर हो रहा है, अनिद्रा, जंक फूड, धूम्रपान, अल्कोहोल, तनाव, खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी, यांत्रिक संसाधनों का अत्यधिक प्रयोग, प्रकृति से दूरी, प्रदूषण, बढ़ता वजन, आलस्य जैसी बातें मनुष्य को कमजोर बना रही है। मानव का शरीर और मन दोनों पर तनाव लगातार दबाव बना रहा है जिसके कारण बीमारियों का जाल बढ़ता जा रहा है। लोगों में पहले बीमारियां उम्र के हिसाब से दिखायी पडती थी लेकिन अब जीवनशैली के बदलाव के कारण किसी भी उम्र में कोई भी गंभीर बीमारी होने लगी है। इसी में प्रमुखता से बढ़ने वाली बीमारियों में हृदय रोग है, जो तेजी से विश्वभर में अत्यधिक असमय मौतों का कारण है। हृदय लगातार रक्त पंप कर पूरे शरीर में ऑक्सीजन युक्त रक्त को पहुँचाता है, परंतु कार्य करते वक्त कोई असामान्य व्यवधान उत्पन्न होता है, जो हृदय की मांसपेशियों और रक्त नलिकाओं की दीवार को प्रभावित करती है, तब उसे हृदय रोग कहा जा सकता है। हृदयघात के रोगियों में से 50 फीसदी मरीज तो अस्पताल जाने से पहले ही दम तोड़ देते है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज, कार्डियोमायोपैथी, एथेरोस्क्लेरोसिस, हार्ट संक्रमण, जन्मजात हार्ट डिजीज यह सभी हृदय संबंधित बीमारी है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड् ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि भारत में वर्ष 2014 के बाद हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या बढ़ी है। 2016 में 21,914 लोगों ने हार्ट अटैक के कारण जान गंवाई, 2017 में मरने वालों की संख्या 23,249 रही, 2018 में 25,764 और 2019 में 28,005 लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई। अधिकतर हमारे देश में घरों में होने वाले हृदय संबंधी मौत के केसेस परिवार के सदस्य योग्य कारण सहित दर्ज नहीं करवाते है इसलिए मौत के आंकड़े हकीकत में कहीं ज्यादा हो सकते है। भारत में अब हर 04 बीमारी से मरने वाली मौतों में एक मौत हार्ट अटैक से होती है एनसीआरबी की रिपोर्ट कहती है कि ये बीमारी अब हर 14-18, 18-30, 30-34 आयु वर्ग में भी खूब बढ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में बीमारियों की वजह से होने वाली मौतों में सबसे बड़ा हिस्सा हृदय रोग (कार्डियोवास्कुलर डिजीज) का होता है। वर्ल्ड हार्ट फ़ेडरेशन के अनुसार हर साल 17.9 मिलियन यानि करीब 02 करोड़ लोग मरते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हृदय रोग से हर 36 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। हर साल लगभग 6,55,000 अमेरिकी हृदय रोग से जान गंवाते हैं। भारत में भी पिछले एक दशक में इस बीमार के शिकार लोगों में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक, भारत में होने वाले कुल हार्ट अटैक का 50 प्रतिशत 50 से कम उम्र और 25 प्रतिशत 40 से कम उम्र के लोगों में होता है। छाती में दर्द, सांस फूलना, घबराहट, जी मिचलाना, पेट दर्द, पसीना आना, अनियमित दिल की धड़कन, घुटन की अनुभूति, सूजे हुए टखने, थकान, हाथ, जबड़े, पीठ या पैर में दर्द जैसे लक्षण दिल के दौरे का संकेत दे सकते है। हृदय रोग (सीवीडी) विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2019 में सीवीडी से अनुमानित 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जो सभी वैश्विक मौतों का 32 प्रतिशत है। इनमें से 85 फीसदी मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक के कारण हुईं। सीवीडी से होने वाली मौतों के तीन चौथाई से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होते हैं। 2019 में गैर-संचारी रोगों के कारण 1.7 करोड़ अकाल मृत्यु (70 वर्ष से कम आयु) में से 38 प्रतिशत सीवीडी के कारण हुई। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना आवश्यक है ताकि उचित सलाह और दवाओं के साथ इलाज शुरू हो सके। तंबाकू के उपयोग, अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता और शराब के हानिकारक उपयोग जैसे व्यवहार संबंधी जोखिम कारकों से जागरूकता द्वारा अधिकांश हृदय रोगों को रोका जा सकता है। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से, बीमारियों, प्राथमिक चिकित्सा, निर्देशिका सेवाओं, स्वास्थ्य कार्यक्रमों, नीतियों, कानूनों और दिशानिर्देशों के विभिन्न मुद्दों से संबंधित प्रश्नों के समाधान के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक वॉयस पोर्टल बनाया गया है। उपयोगकर्ताओं को एक टोल फ्री नंबर (1800-180-1104) डायल कर उस जानकारी के बारे में बोलना होगा जो वे चाह रहे हैं - जैसे, बीमारी का नाम। यह उन्नत प्रणाली उपयोगकर्ता की इनपुट आवाज को पहचानने में सक्षम है। वर्तमान में जानकारी 5 भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, बांग्ला और गुजराती में उपलब्ध है, लेकिन भविष्य में और अधिक भारतीय भाषाओं को शामिल किया जाएगा।

बहुत बार बेहोश रोगी को तत्काल कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने की आवश्यकता पडती है, यह एक आपातकालीन स्थिति की चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिससे शरीर में पहले से मौजूद खून पुनः संचारित होने लगता है जिससे किसी की जान बचाना संभव होता है। बहुत बार दिल का दौरा पड़ने पर जब तक चिकित्सा सेवा उपलब्ध न हो जाये तब तक लोग असहाय होकर क्या करना है यह नहीं जानते। ऐसे में सीपीआर का जानकार व्यक्ति प्राथमिक चिकित्सा के तौर पर जागरूक रहकर सीपीआर के द्वारा किसी का जीवन बचाने में मदद करने के लिए अधिक सशक्त साबित हो सकता है। एम्बुलेंस के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 या 102 पर कॉल करें अन्यथा नजदीकी अस्पताल को कॉल कर सकते है। स्वास्थ्य शिक्षा और हृदय रोगों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, धूम्रपान और तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करना और स्वस्थ आहार और व्यायाम दिनचर्या को अपनाना बेहतर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा। नमक का सेवन कम हो, खाने में तेल का उपयोग भी कम होना चाहीए, उच्च वसा वाले डेयरी, कार्बोहाइड्रेट, संतृप्त वसा को कम करने और फलों, हरी सब्जियों का दैनिक सेवन बढ़ाने से भी समग्र स्वास्थ्य में सुधार होगा। उच्च रक्तचाप और मधुमेह पर नियंत्रण बनाए रखें, नियमित रूप से चलने, योग और ध्यान जैसी स्वस्थ व्यायाम गतिविधियों को बढ़ावा देने से निश्चित रूप से हृदय रोग की बढ़ती बीमारी को रोकने में मदद मिलेगी। अर्थात एक स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम बचपन से ही शुरू कर देना चाहिए। निम्न और मध्यम आय वाले देश वैश्विक बोझ का लगभग 80 प्रतिशत वहन करते हैं। एशियाई भारतीयों में हृदय रोगों से जुड़ी मृत्यु दर किसी भी अन्य आबादी की तुलना में 20-50 प्रतिशत अधिक है इसलिए, उभरती हुई महामारी में जोखिम कारकों की भूमिका को स्पष्ट रूप से समझने और उनके प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रयासों को सक्रिय रूप से अमल में लाने की आवश्यकता है। आजकल खाद्य पदार्थों में मिलावट आम बात हो गई है, ऐसा ही प्रतीत होता है। त्योहारों में तो यह समस्या अत्यधिक बढ जाती है। जानलेवा रसायन का खाद्य पदार्थों में उपयोग, बासी व निम्न दर्जे के खाद्यपदार्थ बेचे जाते है। अक्सर बाहर मिलने वाले खाद्य पदार्थ नमक, तेल, मसाले, शक्कर, वसा से भरपूर सेहत के लिए हानिकारक होते है, जो सिर्फ जुबान को स्वाद देकर स्वास्थ्य को नुकसान करते है क्योंकि इनमें आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी होती है।



### विचार बिन्दु

**खाद्य पदार्थ, तेल में तलने के बाद बचे हुए तेल को बार-बार खाने में उपयोग स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक घातक है और ऐसे तेल से निर्मित खाद्य पदार्थ बेचना भी कानूनन जुर्म है जिस पर प्रशासन के खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है, क्योंकि यह तेल सीधे हृदय रोग के साथ कैंसर, जैसे अनेक जानलेवा बीमारी को बढ़ाता है इस नियम का विशेष रूप से खाद्य पदार्थ विक्रेताओं द्वारा कड़ाई से पालन होना चाहीये। स्वाद के मोह में हमारी चटोरी जुबान हमारे लिए सबसे ज्यादा घातक है, खान-पान संबंधी खाद्य पदार्थों का चयन स्वास्थ्य के हिसाब से करें।**



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# शारदीय नवरात्र में पूजा सामग्री की इस प्रकार करें खरीददारी

नवरात्र के नौ दिनों में देवी को भोग लगाने की विशेष व्यवस्था करें। देवी मां को भोग लगाकर लोगों में प्रसाद बांटें। प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई, फूलदाना, मेवा, फल, के साथ ही आप मिस्त्री, इलायची, लौंग और मखाना भी लेना चाहिए। शारदीय नवरात्र शुरू होने वाला है आपने देवी के स्वागत की तैयारियां तो कर ली होंगी। अगर अभी तैयारी नहीं की है तो आइए हम आपकी मदद करते हैं। आइए हम आपको भगवती की आराधना से जुड़ी सामग्रियों के बारे में बताते हैं ताकि मां दुर्गा की अर्चना अधूरी न रह जाए।

मां दुर्गा की प्रतिमा तो पहले से घर में मौजूद होगी लेकिन अगर आप नयी प्रतिमा लाते हैं तो आपके लिए बेहतर होगा। इसलिए आप पूजा का सामान खरीदते समय देवी की नयी मूर्ति या फोटो जरूर खरीदें। साथ ही ध्यान रखें कि मूर्ति मिट्‌टी की बनी हो। कलश स्थापना की तैयारी आप पहले कर लें क्योंकि नवरात्र प्रारम्भ होने पर पहले ही दिन कलश स्थापित किया जाता है। इसके लिए मिट्‌टी का कलश, मिट्‌टी का कटोरा और साफ मिट्‌टी खरीदें। साथ ही रोली, कपूर, रक्षा सूत्र और लौंग इलायची भी लें। इसके अलावा अक्षत, सुपारी, आम के पत्ते, नारियल, फल-



फूल और पान के पत्ते भी खरीदें।देवी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सदैव एक आसन की व्यवस्था करें। इसके लिए बाजार से लकड़ी की छोटी चौकी खरीद लें। उसके बाद चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछा दें। देवी को लाल रंग बहुत प्रिय है इसलिए लाल कपड़े का चुनाव करें।

नवरात्र की पूजा में अखंड ज्योति का खास महत्व होता है। यह ऐसी ज्योति होती है जो नौ दिन चौबीस घंटे जलती है इसलिए किसी तैयारी में कोई कमी न छोड़े। इसके लिए आप मिट्‌टी का दिया या पीतल का बड़ा दीपक, बाती और शुद्ध देशी घी खरीदें। हवन के लिए सबसे पहले हवन कुंड खरीद लें। इसके अलावा पांच मेवा, कपूर, सुपारी, गुगुल, घी, रोजाना लौंग के 9 जोड़े, चावल, लोबान इत्यादि भी तैयार रखें।

दुर्गा मां को केवल चुनरी नहीं चढ़ाएं बल्कि उसके साथ कुछ और सामान भी अर्पित करें। चुनरी के साथ देवी को सुहाग का सामान भी चढ़ाएं। सुहाग के सामान में सिंदूर, महावर, नारियल, फल, पंचमेवा और मिठाई चढ़ाने से देवी खुश होती हैं और आशीष देती है। साथ ही लाल चूड़ियां, मेहंदी, कुमकुम और आलता भी चढ़ा सकते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में देवी को भोग लगाने की विशेष व्यवस्था करें। देवी मां को भोग लगाकर लोगों में प्रसाद बांटें। प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई, फूलदाना, मेवा, फल, के साथ ही आप मिस्त्री, इलायची, लौंग और मखाना भी लेना चाहिए।नवरात्र के बाद अष्टमी या नवमी को कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर नवरात्र का समापन किया जाता है। कन्याओं को भोजन कराकर दान दिया जाता है इसे भारत के कुछ इलाकों में कंचक भी कहा जाता है। इसलिए इस अवसर की विशेष तैयारी करें। इसके लिए कपड़े, खाने की प्लेट और लड़कियों को देने के लिए उपहार खरीदें।




## 28 सितम्बर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1564 | महान खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म। |
| 1677 | इंग्लैंड नरेश चार्ल्स द्वितीय ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ डचों से गठबंधन किया। |
| 1763 | प्रसिया और आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई। |
| 1764 | अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हुई। |
| 1798 | फ़्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया। |
| 1806 | फ़्रैंको, प्रसियन संधि के बाद प्रसिया ने ब्रिटिश जहाज़ों के लिए अपने बंदरगाह बंद किये। |
| 1890 | अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया। |
| 1906 | ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन। |
| 1909 | एकापुल्को मैक्सिको में फ़्लोरेंस सिनेमागृह में आग से 250 लोगों की मृत्यु। |
| 1926 | अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत। |
| 1942 | द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ व जापानी बलों द्वारा एक हमले के बाद, ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी हो गये। |
| 1944 | ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की। |
| 1961 | बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत। |
| 1962 | अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। |

# नया घर बनाते समय पेड़ों का संरक्षण कैसे करें

### विचार बिन्दु



विजय गर्ग

**बैंगलोर सिटी में, एमजी रोड पर पेड़ों को सावधानी से ग्राफ्ट किया गया और दूसरी जगह ले जाया गया। पेड़ सावधानी से लगाए और उगाए गए।**

इन दिनों हमारे चारों ओर जोरदार विकास हो रहा है। हम हर जगह नए भवन निर्माण देखते हैं। क्या आप जानते हैं कि हर घर के निर्माण में कम से कम एक पूर्ण विकसित पेड़ काटा जाता है? नया घर बनाते समय पेड़ों के संरक्षण पर कुछ विचार अवश्य करें। हमें पेड़ों का संरक्षण क्यों करना चाहिए? पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के अलावा, अनगिनत तरीकों से पर्यावरण के लिए अच्छे हैं। यह हमारे घर में कूलिंग एजेंट के रूप में काम कर सकता है जो हमें बहुत सारा पैसा बचाने में मदद करेगा। पेड़ ओजोन रिक्तीकरण को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि यह वायु और भूमि से प्रदूषकों को अवशोषित करते हैं। इसकी जड़ मिट्‌टी को जगह पर रखती है जो भूस्खलन को कम करती है, मिट्‌टी के कटाव और अपवाह को रोकती है। यह मानते हुए कि पेड़ों को बचाने और संरक्षित करने के लिए आपको समझाने के लिए ये पर्याप्त कारण हैं, मैं एक नया घर बनाते समय उन्हें बचाने के तरीकों पर आगे बढ़ूंगा। पेड़ों के विकास और उन्हें बचाने के कई तरीके हैं जो साथ-साथ चलते हैं। आपको कुछ प्रयास, समय और पैसा देना पड़ सकता है लेकिन यह इतना मायने नहीं रखता अगर आप वास्तव में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और आने वाली पीढ़ी की परवाह करते हैं। हमें एक ऐसी आदत बनाने की जरूरत है जो प्रकृति के प्रति अधिक जागरूक हो। पूर्ण विकसित पेड़ों को काटने के बजाय उनके आसपास घर बनाना क्या आपने कभी घर के बीच में पेड़ उगते हुए या बालकनी या छत में पेड़ों के लिए बने छिद्र को देखा है? मैं एक पीजी में रहता था जहां एक बालकनी के बीच में एक नारियल का पेड़ उगता है। इस प्रकार के घरों के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसकी छाया और गर्म गर्मी के दौरान तापमान होता है। उस स्थान के पूर्वजों ने नारियल के पेड़ को कल्पवृक्ष भी कहा, जिसका अर्थ है कि इसे पवित्र माना जाता है क्योंकि पेड़ में सब कुछ उपयोग किया जाता है। तो, यह उनके लिए पेड़ को संरक्षित करने का एक और कारण था। डिजाइन एवरेस्ट द्वारा दी गई सलाह के अनुसार, लंबे समय में पैसे बचाने के लिए पेड़ महान हैं। गर्मियों में, पूर्व और पश्चिम में स्थित पेड़ आपके घर को छाया प्रदान कर सकते हैं, जिससे शीतलन लागत कम हो जाती है। सर्दियों में, पेड़ हवा के झोंके बन जाते हैं जो आपके हीटिंग बिल को बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं। आस-पड़ोस के पेड़ लगातार घरों की बिक्री की कीमतों में भी वृद्धि करते हैं।

संरक्षण के लिए स्वस्थ पेड़ आपकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। छोटे पेड़ पुराने पेड़ों की तुलना में बहुत अधिक लचीले होते हैं। उन्हें बिना किसी दुष्प्रभाव के भी प्रत्यारोपित किया जा सकता है। यदि एक बड़ा पेड़ नई संरचना के पांच फीट के भीतर स्थित है, तो यह संभवतः जीवित नहीं रहेगा। एक समूह में विभिन्न प्रकार के पेड़ों को बचाएं, जो उनके अस्तित्व को सुनिश्चित करने में मदद करेगा और बीमारी और तनाव की संभावना को कम करेगा। निर्धारित करें कि आपके स्थानीय नियोजन विभाग के नियम पेड़ों और वृक्षों की सुरक्षा से संबंधित हैं। इसमें संरक्षित पेड़ों की उनकी सूची, पेड़ को किस हद तक संरक्षित किया जाना चाहिए, और पेड़ की रक्षा के लिए आपके प्रयास में दिशानिर्देशों का पालन करना शामिल है। सामान्य तौर पर, पेड़ को कम नुकसान, बेहतर। आपको अपना प्रोजेक्ट डिजाइन करते समय आस-पास के लॉट में पेड़ों पर भी विचार करना चाहिए। पेड़ों के चारों ओर निर्माण की योजना बहुत सावधानी से बनाएं। आपको उन पेड़ों के आसपास की जड़ों की रक्षा करनी चाहिए जिन्हें आप संरक्षित करना चाहते हैं, इसलिए उन क्षेत्रों में सामग्री का कोई निर्माण या भंडारण नहीं होना चाहिए। इन पेड़ों के चारों ओर स्पष्ट संकेतों के साथ बाड़ लगाना यह सुनिश्चित करने का सबसे आसान तरीका है कि उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा कि कार्यकर्ता यह समझें कि पेड़ों को संरक्षित किया जाना है, इस संभावना को कम करने के लिए कि वे गलती से पेड़ को नुकसान पहुंचाएंगे। इस प्रक्रिया में आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है और ऐसा करने के लिए आपको किसी विशेषज्ञ की सलाह की आवश्यकता होगी। लेकिन दिया गया प्रयास इसके लायक होगा क्योंकि इससे पर्यावरण और आने वाली पीढ़ी को भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, आप अभी कुछ अतिरिक्त रुपये खर्च कर सकते हैं लेकिन लंबे समय में, यह आपको जितना आप जानते हैं उससे कहीं अधिक बचत करेंगे।

# धूंए-धूंए में जिंदगी

## नुकसानदायक केमिकल

तंबाकू में चार हजार से ज्यादा नुकसानदायक केमिकल पाए जाते हैं। सिगरेट में 40 ऐसे रसायन हैं, जो कैंसर की वजह बनते हैं।

**निकोटिन:** यह लत लगाने वाला केमिकल है। काफी शक्तिशाली है और तेजी से रिऐक्शन करता है। सिगरेट की लत इसी की वजह से लगती है।

**बेंजीन:** इसमें कोयला और पेट्रोलियम जैसे ज्वलनशील पदार्थों का गुण होता है। यह सिगरेट के जले रहने में मदद करता है। इसकी वजह से ल्यूकेमिया हो सकता है।

**फॉर्मल्डिहाइड:** काफी जहरीला होता है। इसका इस्तेमाल शवों को सुरक्षित रखने में किया जाता है। इसकी वजह से कैंसर होने का खतरा रहता है।

**अमोनिया:** टॉयलेट क्लीनर और ड्रायक्लिनिंग लिक्विड में इस्तेमाल किया जाता है। यह तंबाकू से निकोटिन को अलग कर गैस में बदल देता है।

**एसिटोन:** इसका इस्तेमाल नेल पॉलिश हटाने में होता है। इसमें ज्वलनशील गुण होता है जो फेफड़ों को काफी नुकसान पहुंचाता है।

**टार:** स्मोकिंग के समय धुएं के रूप में यह फेफड़े में जमा होता है। स्मोकिंग के दौरान जितनी टार बनती है, उसका 70 फीसदी फेफड़ों में जमा होता है। आर्सेनिक (चूहे मारने का जहर), हाइड्रोजन साइनाइड जैसे काफी जहरीले रसायन भी होते हैं।

## पनपता खतरा



एक सिगरेट में 9 मिग्रा निकोटीन होता है, जो जलकर 1 ग्राम रह जाता है। निकोटीन सीधा शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन यह सैकड़ों केमिकल के साथ रिएक्शन कर टार बनाता है। यह टार फेफड़ों के ऊपर परत के रूप में चढ़ जाता है और बाद में उन्हें खत्म करने लगता है। अलग-अलग सिगरेट में निकोटीन का स्तर अलग-अलग होता है। सूखे हुए एक ग्राम तंबाकू में निकोटीन का स्तर 13.7 से 23.2 मिलीग्राम तक होता है। तंबाकू में कई तरह के कार्सिनोजिन तत्व पाए जाते हैं जो कैंसर के कारण बनते हैं। धूम्रपान से लंग, मुंह, गला, कंठ, श्वासनली का कैंसर होने के चांस बढ़ जाते हैं। तंबाकू, खैनी, पान मसाला, गुटखा आदि के सेवन से भी इन अंगों के कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि कितने दिनों तक इसके इस्तेमाल से कैंसर हो सकता है, इस बारे में साफतौर पर नहीं कहा जा सकता। जब कोई स्मोकिंग करता है तो गाल की अंदरूनी परत पर और फेफड़े में निकोटीन अवशोषित हो जाता है। इसकी लत कोकेन या हेरोइन की लत से कम नहीं होती। नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ड्रग ऐब्यूज के अनुसार कैंसर के जितने मामले होते हैं, उसके एक तिहाई स्मोकिंग करने वालों से जुड़े होते हैं।स्मोकिंग करने से फेफड़े की बीमारियां होती हैं और दिल की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है।धूम्रपान न करने वालों के मुकाबले इसे करने वालों की उम्र सामान्य से 14 साल कम हो जाती है।



हैल्थ संवाददाता

**तंबाकू और धूम्रपान की लत ने कब हमारे जीवन में जगह बना ली, पता तक नहीं चल पाता। कभी दूसरे को देखकर, तो कभी बुरी संगत में आकर लोग सिगरेट, गुटखा, तंबाकू व दूसरी नशीली चीजों को साथी बना लेते हैं। इन्हें लेने वालों को लगता है कि इन चीजों ने उनकी जिंदगी आसान बना दी है। कई बार कम उम्र में ही खुद को बड़ों जैसा महसूस करने की ख्वाहिश में धुएं के छल्ले उड़ाने की ललक भी इस दलदल में धकेल देती है। जब इससे परेशानी होने लगती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हर कश स्वस्थ जीवन पर जुल्म ढाता है। हर पुड़िया में जिंदगी घुल रही है। तंबाकू की हर चुटकी जिंदगी को चाट रही है। इस मौके पर क्यों न ठान लें कि तंबाकू और धूम्रपान की इस लत से छुटकारा पाना ही है।**

## निकोटिन की लत के लक्षण

अगर नीचे दिए गए लक्षण नजर आने लगें तो समझ लेना चाहिए कि इंसान को निकोटिन की लत लग चुकी है। भूख कम महसूस होना। अधिक लार और कफ बनना। प्रति मिनट दिल की धड़कन 10 से 20 बार बढ़ जाती है तो यह लत का लक्षण है। छोटी बात पर भी बेचैनी महसूस होना। ज्यादा पसीना आना और उल्टी-दस्त होना। हर काम करने के लिए तंबाकू की जरूरत महसूस होना। निकोटीन लेने की इच्छा बढ़ जाना। चिंता बढ़ना, अवसाद, निराशा आदि महसूस होना। सिर दर्द होना और ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होने लगे तो भी इसे निकोटिन की लत का लक्षण माना जाता है।

## कैसे बनते हैं चेन स्मोकर

जब कोई सिगरेट या बीड़ी पीता है तो ब्रेन में लगभग 10 सेकंड और उसके बाद सेंट्रल नर्वस सिस्टम में 5 मिनट तक निकोटिन का असर रहता है। हालांकि स्मोकिंग करने से थोड़ी देर के लिए काम करने की क्षमता बढ़ती है, लेकिन बाद में शरीर सुस्त होने लगता है। धीरे-धीरे काम करने की क्षमता कम होती जाती है और फिर धूम्रपान की जरूरत महसूस होती है। बार-बार इस तलब को मिटाने की कोशिश में इंसान चेन स्मोकर हो जाता है।

## हर्बल सिगरेट

धूम्रपान छोड़ने के लिए हर्बल सिगरेट की भी मदद ली जा सकती है। आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाली कंपनियां हर्बल सिगरेट बना रही हैं। इनमें पुदीना, वाइल्ड लेटिस (सलाद पत्ता), कैट्रिनप (एक प्रकार की सुगंधित वनस्पति), कमल के पत्ते, मकई के रेशे, मुलेठी की जड़ें आदि के सूखे चूर्ण का इस्तेमाल होता है।

## सिगरेट छुड़ाने के वैकल्पिक तरीके

ई-सिगरेट के मामलों से जुड़े विशेषज्ञ अंकित गौड़ का कहना है कि इससे शत-प्रतिशत निकोटिन के जीरो लेवल तक पहुंच जाने का दावा तो नहीं किया जा सकता, लेकिन सिगरेट छोड़ने में इससे मदद जरूर मिलती है। इसमें कार्टेज में अलग-अलग स्तर में निकोटिन डाला जाता है। एक अध्ययन से पता चलता है कि जब कोई सिगरेट की 15 कश लेता है तो उसके अंदर 1 से 2 मिलीग्राम निकोटिन जमा होता है, जबकि ई-सिगरेट में 16 मिलीग्राम निकोटिन वाले कार्टेज का इस्तेमाल करने से इतनी ही कश लेने पर 0.15 मिलीग्राम निकोटिन जमा होता है। स्वास्थ के लिहाज से यह तरीका भी सही नहीं है क्योंकि इसके जरिए भी निकोटिन तो शरीर में जाता ही है। इसकी मदद से निकोटिन के स्तर को कम किया जा सकता है और धीरे-धीरे कोई स्मोकर निकोटिन के जीरो लेवल तक पहुंच सकता है। पान की दुकानों पर, दवा की दुकानों पर और इंटरनेट के जरिए इसे खरीदा जा सकता है। पूरी किट 1 से 2 हजार तक मिल जाती है। इससे इतनी कीमत में लगभग 500 सिगरेट पी जा सकती हैं।

**मुद्रा, ध्यान और योगाभ्यास:** किसी प्रकार की लत होने से व्यक्ति का आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला जैसे नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले भी अगर मुद्रा, ध्यान और योगाभ्यास करते हैं तो उनका आत्मबल बढ़ता है। ऐसे में इन लतों को त्याग पाने की इच्छा शक्ति उनके अंदर पैदा होती है।

# सेहत को धुएं में उड़ाती ई-सिगरेट

यूं तो ई-सिगरेट का इस्तेमाल सिगरेट छोड़ने वाले लोग एक माध्यम के तौर पर करते हैं, लेकिन भारत में बिना किसी नियम-कानून के चलते, दिन दोगुनी और रात चौगुनी गति से बढ़ रहा यह बाजार अब पूरी तरह से बेलगाम हो गया है। आलम यह है कि अभी तक सिगरेट छुड़ाने के लिए इलाज के एक माध्यम के रूप में बाजार में मिलने वाली यह ई-सिगरेट, नए तरह का नशा बनकर उभर रही है। डॉक्टरों के अनुसार बाजार में मिलने वाली ई-सिगरेट्स में कई ब्रैंड ऐसे हैं, जिनमें सामान्य सिगरेट से भी कहीं ज्यादा मात्रा में निकोटीन है।

## सिगरेट की तरह ही खतरनाक है ई-सिगरेट



इस साल अक्टूबर में मॉस्को में हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तंबाकू नियंत्रण सेमिनार में ई-सिगरेट को सामान्य सिगरेट के जैसे ही खतरनाक और नुकसानदायक माना। वहीं सितंबर में दिल्ली में दक्षिण-एशियाई देशों की बैठक में भी इसे नुकसानदायक करार दिया गया है। यही कारण है कि भारत में ई-सिगरेट पर कड़े नियम बनाने की मांग बढ़ गई है।

## नियम ही नहीं हैं, तो क्या करें

भारत में सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीने पर प्रतिबंध है, लेकिन ई-सिगरेट पीने पर कोई नियम-कानून नहीं है। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन ई-सिगरेट मंगाने का ट्रेंड बहुत ज्यादा बढ़ा है। मुंबई की हील्स फाउंडेशन के डॉ. प्रकाश गुप्ता का कहना है कि ई-सिगरेट में निकोटीन के ऐसे उत्पाद हैं, जिन्हें बिना किसी रोक-टोक के आसानी से इंटरनेट से मंगाया जा रहा है। भारत में तंबाकू पर बने कानून के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू प्रॉडक्ट नहीं दिए जाते, जबकि इंटरनेट के माध्यम से ई-सिगरेट किसी भी उम्र के लोग मंगा रहे हैं। गौरतलब है कि ई-सिगरेट बनाने वाली कंपनियां इसे सामान्य सिगरेट से कम हानिकारक के तौर पर प्रचारित कर रही हैं, लेकिन डॉक्टरों की राय इससे जुदा है। टाटा अस्पताल के हेड ऐंड नेक सर्जन, डॉ. पंकज चतुर्वेदी का कहना है कि किसी भी रिसर्च के माध्यम से यह साबित नहीं हुआ है कि ई-सिगरेट, सिगरेट के डी-अडिक्शन के लिए किसी भी तरह से कारगर साबित हुई है बल्कि, यह उतनी ही नुकसानदायक है जितनी सामान्य सिगरेट। कई ब्रैंड के ई-सिगरेट में 36 मिलीग्राम तक निकोटीन की मात्रा होती है, जो उसे सामान्य सिगरेट से भी ज्यादा खतरनाक बनाती है।

## क्या है ई-सिगरेट

ई-सिगरेट बैटरी से चलने वाले ऐसा उपकरण है, जो निकोटीन को सीधे फेफड़ों तक पहुंचाता है। ई-सिगरेट, देखने में बिलकुल सामान्य सिगरेट या सिगार जैसी प्लास्टिक या मेटल से बनी होती है। बाजार में ई-सिगरेट के 7764 से भी ज्यादा फ्लेवर उपलब्ध हैं। यह सही है कि भारत में अभी तक ई-सिगरेट को लेकर कोई नियम नहीं है, लेकिन सरकार जल्द ही इस पर नियम लाने की तैयारी में है।




## क्या है स्वाइन फ्लू

स्वाइन फ्लू श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारी है, जो ए टाइप के इनफ्लुएंजा वायरस से होती है। यह वायरस एच1 एन1 के नाम से जाना जाता है और मौसमी फ्लू में भी यह वायरस सक्रिय होता है। 2009 में जो स्वाइन फ्लू हुआ था, उसके मुकाबले इस बार का स्वाइन फ्लू कम पावरफुल है, हालांकि उसके वायरस ने इस बार स्ट्रेन बदल लिया है यानी पिछली बार के वायरस से इस बार का वायरस अलग है।

## कैसे फैलता है

जब आप खांसते या छींकते हैं तो हवा में या जमीन पर या जिस भी सतह पर थूक या मुंह और नाक से निकले द्रव कण गिरते हैं, वह वायरस की चपेट में आ जाता है। यह कण हवा के द्वारा या किसी के छूने से दूसरे व्यक्ति के शरीर में मुंह या नाक के जरिए प्रवेश कर जाते हैं। मसलन, दरवाजे, फोन, कीबोर्ड या रिमोट कंट्रोल के जरिए भी यह वायरस फैल सकते हैं, अगर इन चीजों का इस्तेमाल किसी संक्रमित व्यक्ति ने किया हो।

## शुरुआती लक्षण

- नाक का लगातार बहना, छींक आना, नाक जाम होना।
- मांसपेशियां में दर्द या अकड़न महसूस करना।
- सिर में भयानक दर्द।
- कफ और कोल्ड, लगातार खांसी आना।
- उनींदे रहना, बहुत ज्यादा थकान महसूस होना।
- बुखार होना, दवा खाने के बाद भी बुखार का लगातार बढ़ना।
- गले में खराश होना और इसका लगातार बढ़ते जाना।

## नॉर्मल फ्लू से कैसे अलग

सामान्य फ्लू और स्वाइन फ्लू के वायरस में एक फर्क होता है। स्वाइन फ्लू के वायरस में चिड़ियों, सूअरों और इंसानों में पाया जाने वाला जेनेटिक मटीरियल भी होता है। सामान्य फ्लू और स्वाइन फ्लू के लक्षण एक जैसे ही होते हैं, लेकिन स्वाइन फ्लू में यह देखा जाता है कि जुकाम बहुत तेज होता है। नाक ज्यादा बहती है। पीसीआर टेस्ट के माध्यम से ही यह पता चलता है कि किसी को स्वाइन फ्लू है। स्वाइन फ्लू होने के पहले 48 घंटों के भीतर इलाज शुरू हो जाना चाहिए। पांच दिन का इलाज होता है, जिसमें मरीज को टेमीफ्लू दी जाती है।

## स्वाइन फ्लू से बचाव और इसका इलाज

- साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए और फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही सावधानी बरती जाए, तो इस बीमारी के फैलने के चांस न के बराबर हो जाते हैं।
- जब भी खांसी या छींक आए रूमाल या टिश्यू पेपर यूज करें।
- इस्तेमाल किए मास्क या टिश्यू पेपर को ढक्कन वाले डस्टबिन में फेंकें।
- थोड़ी-थोड़ी देर में हाथ को साबुन और पानी से धोते रहें।
- लोगों से मिलने पर हाथ मिलाने, गले लगने या चूमने से बचें।
- फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# Swine flu alert!



***स्वाइन फ्लू एक बार फिर देश में पांव पसार रहा है, जिससे मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। दिन-प्रतिदिन स्वाईन फ्लू के नए-नए मामले सामने आते जा रहे है। फ्लू से डरने के बजाय जरूरत इसके लक्षणों के बारे में जानने और सावधानी बरतने की है।***

## यह रहें सावधान

5 साल से कम उम्र के बच्चे, 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं। जिन लोगों को निम्न में से कोई बीमारी है, उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए = फेफड़ों, किडनी या दिल की बीमारी मस्तिष्क संबंधी (न्यूरोलॉजिकल) बीमारी मसलन, पर्किंसन कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग डायबीटीजं ऐसे लोग जिन्हें पिछले 3 साल में कभी भी अस्थमा की शिकायत रही हो या अभी भी हो। ऐसे लोगों को फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं का प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) शरीर में होने वाले हॉरमोन संबंधी बदलावों के कारण कमजोर होता है। खासतौर पर गर्भावस्था के तीसरे चरण यानी 27वें से 40वें सप्ताह के बीच उन्हें ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है।

## चिंता की बात

इस बीमारी से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है दिमाग से डर को निकालना। ज्यादातर मामलों में वायरस के लक्षण कमजोर ही दिखते हैं। जिन लोगों को स्वाइन फ्लू हो भी जाता है, वे इलाज के जरिए सात दिन में ठीक हो जाते हैं। कुछ लोगों को तो अस्पताल में एडमिट भी नहीं होना पड़ता और घर पर ही सामान्य बुखार की दवा और आराम से ठीक हो जाते हैं। कई बार तो यह ठीक भी हो जाता है और मरीज को पता भी नहीं चलता कि उसे स्वाइन फ्लू था। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि जिन लोगों का स्वाइन फ्लू टेस्ट पॉजिटिव आता है, उनमें से इलाज के दौरान मरने वालों की संफ्या केवल 0.4 फीसदी ही है। यानी एक हजार लोगों में चार लोग। इनमें भी ज्यादातर केस ऐसे होते हैं, जिनमें पेशंट पहले से ही हार्ट या किसी दूसरी बीमारी की गिरफ्त में होते हैं या फिर उन्हें बहुत देर से इलाज के लिए लाया गया होता है।

## कब तक रहता है वायरस

एच1एन1 वायरस स्टील, प्लास्टिक में 24 से 48 घंटे, कपड़े और पेपर में 8 से 12 घंटे, टिश्यू पेपर में 15 मिनट और हाथों में 30 मिनट तक एक्टिव रहते हैं। इन्हें खत्म करने के लिए डिटर्जेंट, एल्कॉहॉल, ब्लीच या साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। किसी भी मरीज में बीमारी के लक्षण इन्फेक्शन के बाद 1 से 7 दिन में डिवेलप हो सकते हैं। लक्षण दिखने के 24 घंटे पहले और 8 दिन बाद तक किसी और में वायरस के ट्रांसमिशन का खतरा रहता है।

आयुर्वेद

## ऐसे करें बचाव

इनमें से एक समय में एक ही उपाय आजमाएं। 4-5 तुलसी के पत्ते, 5 ग्राम अदरक, चुटकी भर काली मिर्च पाउडर और इतनी ही हल्दी को एक कप पानी या चाय में उबालकर दिन में दो-तीन बार पिएं। गिलोय (अमृता) बेल की डंडी को पानी में उबाल या छानकर पिएं। गिलोय सत्व दो रत्ती यानी चौथाई ग्राम पौना गिलास पानी के साथ लें। 5-6 पत्ते तुलसी और काली मिर्च के 2-3 दाने पीसकर चाय में डालकर दिन में दो-तीन बार पिएं।- आधा चम्मच हल्दी पौना गिलास दूध में उबालकर पिएं। आधा चम्मच हल्दी गरम पानी या शहद में मिलाकर भी लिया जा सकता है।



# 15 मिनट में शूट कर लिया था इस फिल्म का गाना

**नई दिल्ली।** स्त्री 2 के एक्टर अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में गोविंदा की फिल्म से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे गोविंदा ने एक गाने का शूट महज 15 मिनट में पूरा कर लिया था। अभिषेक ने कहा, 'एक बार डेविड सर ने मुझे बताया था कि वो लोग पेरिस में एफिल टावर के पास कुछ शूट कर रहे थे। उन्हें एक सेगमेंट शूट करना था, शायद हीरो नंबर वन का। उनके पास वहां शूट करने की इजाजत नहीं थी और उनके पास ज्यादा वक्त भी नहीं था। गोविंदा ने तब उनसे (डेविड धवन) कहा था कि आप बस अपना कैमरा ऑन करिए। और उन्हें जो भी शूट करना था, गाने के स्टेप, उन्होंने ग्रुप के साथ 15-20 मिनट में शूट कर लिया था। इसके बाद, वो लोग वहां से निकल आए थे'।

लाइफ Style

# सोमी अली

## सोनू निगम पर निकाली भड़ास

सोमी अली अक्सर सलमान खान पर भड़ास निकालती रहती हैं। अपने लेटेस्ट वीडियो में उन्होंने सोनू निगम को घेरा है। सोमी ने एक वीडियो पोस्ट करके इसमें बोला है कि सोनू निगम ने उनको मूर्ख बनाया। उनका फायदा उठाया और वह सोशियोपैथ हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोमी का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि सोनू निगम इस हद तक गिर जाएंगे। सोमी वीडियो में बोलती हैं, करीब 3 साल पहले, रीसेंटली भी। मुझे ठगा गया। ये सीधी है इसका फायदा उठाना, ये सीधा है इसका फायदा उठाना हम सब इन चीजों से गुजर चुके हैं। मैं बताना चाहती हूं कि इन चीजों पर मेरा रिएक्शन कैसा होता है। कुछ साल पहले मैंने टॉक शो शुरू किया था। इसमें कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए थे। मैं उनका नाम नहीं लूंगी। वो शख्स जो टॉक शो में था। वह बहुत समझदार लोगों की तरह बात करता है।

वह बहुत ज्ञान बांटता है। मैं उससे प्रभावित हो गई। मुझे लगा कि वह जो उपदेश दे रहा है उसको जिंदगी में मानता भी है। सोमी बोलती हैं, बाद में मैंने उसके फायदे के लिए उसे लंदन में कुछ प्रोजेक्ट्स दिलाने के लिए कॉन्टैक्ट किया। उसने मेरे टेक्स्ट और वॉट्सऐप मैसेज इग्नोर कर दिए। मुझे लगा कि वह शो में आने के लिए बहतु उत्सुक था। कोई पैसा भी नहीं लिया क्योंकि उस वक्त हम टॉक शो के लिए पैसे देना अफोर्ड भी नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि ये छोटा टॉक शो था। सोमी ने बताया कि बाद में उन्हें समझ आया कि ये सज्जन उनके चैट शो पर इसलिए ले गए थे, क्योंकि मुंबई में किसी (सलमान खान) को दिखाना चाहते थे कि वह उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड के साथ काम करके आए हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विक: बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही जॉन विक खुद कीनू रीव्स की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।



# 2025 में धूम मचाने को तैयार है एमसीयू

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर में फैन फॉलोइंग है। इसकी कोई भी फिल्म आए, फैन्स टूट पड़ते हैं। अब साल 2025 में एमसीयू के कई प्रोजेक्ट्स रिलीज होने वाले हैं। इस साल मंकी मैन, एजेंट रिकॉन समेत कई हॉलीवुड मूवीज रिलीज हो चुकी हैं। वहीं आने वाले दिनों में ग्लेडिएटर। रेड वन और थंडरबोल्ट जैसी कई पिक्चरें रिलीज होने वाली हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के साल 2025 के प्रोजेक्ट्स में 4 फिल्में शामिल हैं। इन सभी फिल्मों की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। एमसीयू की अगले साल रिलीज होने वाली फिल्मों में कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड, थंडरबोल्ट्स, द फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप और ब्लेड शामिल हैं।



# अलाना की डेब्यू सीरीज 'द ट्राइब' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** एक और स्टारकिड इंडस्ट्री में कदम रखने को तैयार है। दांव लगाया है अक्सर ही नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर ने। बात हो रही है अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे की। वे 'द ट्राइब' सीरीज से डेब्यू करने जा रही हैं। इस सीरीज का शुक्रवार को ट्रेलर जारी किया गया है। मालूम हो कि अनन्या पांडे को भी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करण जौहर ने ही लॉन्च किया था। अब अलाना भी उन्हीं की ऑरिजनल सीरीज से इंडस्ट्री में आ रही हैं। यह सीरीज 4 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। 'द ट्राइब' में अलाना के अलावा अलाविया जाफरी, सृष्टि पोरे, अल्फिया जाफरी, आर्याना गांधी और हार्दिक जावेरी जैसे सितारे भी हैं। ट्रेलर में सभी की झलक देखने को मिली है।



# देवरा पार्ट 1 में विलेन बन छाए सैफ

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा पार्ट-1 सिनेमाघरों में 27 सितंबर को रिलीज हुई है। यह जाह्नवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म है। वहीं, सैफ अली खान इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को जहां यह फिल्म बेहद पसंद आई है। वहीं, कई लोगों को फिल्म बहुत ज्यादा पसंद नहीं आई है। एक एक्स यूजर ने लिखा कि फिल्म का स्टार्ट बेहद शानदार है। वहीं, फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक मजेदार है। एक्स यूजर ने जूनियर एनटीआर के इंट्रोडक्शन सीन की भी तारीफ की है। सैफ अली खान इस फिल्म में विलेन बने हैं। एक्स यूजर ने सैफ अली खान की एक्टिंग को शानदार बनाया है। उन्होंने लिखा कि सैफ को विलेन के रोल के लिए कम आंका जाता है।

टीवी मसाला



# रुपाली गांगुली को शो में रिप्लेस करेंगी शिवांगी जोशी?


**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में जल्द ही एक नया ट्विस्ट आने वाला है। इस ट्विस्ट के चलते शो की कहानी 15 साल आगे बढ़ेगी। शो में आने वाले 15 साल के लीप के बाद 'अनुपमा' में कई नए कलाकारों की एंट्री होने वाली है। देश के नंबर वन सीरियल अनुपमा में जल्द ही 15 साल का लीप आने वाला है। इस लीप के चलते कई एक्टर्स इस शो का साथ छोड़ने वाले हैं और साथ में कई नए एक्टर्स की राजन शाही के इस शो में एंट्री भी होने वाली है। इन नए एक्टर्स में से सबसे चर्चित नाम है शिवांगी जोशी का। कहा जा रहा है कि अनुपमा में 15 साल का लीप आने के बाद 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की नायरा यानी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी रुपाली गांगुली के शो में एंट्री कर सकती हैं। शिवांगी जोशी सीरियल में अनुपमा और अनुज कपाड़िया की बेटी आद्या कपाड़िया का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। फिलहाल औरा भटनागर अनुपमा में आद्या का किरदार निभा रही हैं। अब शिवांगी जोशी की एंट्री के बाद क्या रुपाली गांगुली शो में रहेंगी या फिर लीप के बाद भी वो शो को अलविदा कहेंगी इस बात का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स ने 'सोनू' को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक बार फिर से विवादों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। सबसे लंबा चलने वाला ये शो आए दिन किसी न किसी वजह के चलते सुर्खियों में रहता है। शो के मेकर्स अब सोनू



भिड़े का किरदार निभाने वाली पलक सिंधवानी को लीगल नोटिस भेजा है। मेकर्स ने नोटिस के साथ पलक पर ये आरोप लगाया है कि एक्ट्रेस ने कॉन्ट्रैक्ट के कई नियमों का उल्लंघन किया है। जिसका सीधा असर शो और प्रोडक्शन कंपनी पर पड़ा है। कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। पलक सिंधवानी को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने बिना मेकर्स की सहमति के तीसरे पक्ष के साथ हाथ मिलाया है। जबकि उनके कॉन्ट्रैक्ट में लिखा है कि वो उनके खिलाफ जाकर कोई भी ऐसा काम नहीं कर सकती हैं, इसी मामले में पलक को नोटिस जारी किया गया है। माना जा रहा है कि इस नोटिस के बाद अब पलक सिंधवानी का शो से भी पत्ता कट सकता है। अगर ऐसा होता है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के शो से एक और एक्टर बाहर हो जाएगा।



# 200 करोड़ी फिल्म के फ्लॉप होने पर रो पड़े थे अक्षय

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी और डिजास्टर साबित हुई थी। इसकी असफलता के बाद अक्षय की आंखों से आंसू छलक पड़े थे। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए बॉक्स ऑफिस पर बीते कई महीने अच्छे नहीं रहे। नवंबर 2021 में रिलीज हुई फिल्म सूर्यवंशी के बाद उनकी एक बाद एक कई फिल्में आई और सब ही फ्लॉप रही। सिर्फ ओह माई गॉड ही हिट रही थी। इसके अलावा उनकी सभी फिल्में बॉक्स पिट गई। इस साल भी अक्षय की अब तक तीन फिल्में आ चुकी है और तीनों ही फ्लॉप रही है। अक्षय की सूर्यवंशी के बाद जो फिल्में फ्लॉप रही है उनमें सम्राट पृथ्वीराज भी शामिल है। ये फिल्म भारी भरकम बजट में बनी थी और जब ये डिजास्टर हुई तो अक्षय कुमार का हाल बहुत बुरा हो गया था। ये खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 3 जून 2022 को रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय के लुक की काफी आलोचना हुई। फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपए था। लेकिन ये अपना बजट तक नहीं निकाल पाई। इसने वर्ल्डवाइड सिर्फ 90 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया था।

# 20 से ज्यादा लोगों की टीम, 16 गिटार और 50 करोड़ फीस, ऐसे काम करता है 'कोल्डप्ले'

**लॉस एंजिल्स।** सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से लेकर अमेरिका, फ्रांस हर जगह लोग कोल्डप्ले के दीवाने हैं। हाल ही में कोल्डप्ले की टीम ने अपने एशियाई टूर की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद इंडिया में भी इस कॉन्सर्ट का टिकट खरीदने के लिए होड़ लग गई है। फिलहाल इस शो के टिकट के लिए 10 लाख की वेटिंग लिस्ट है। 18 और 19 जनवरी 2025 को मुंबई में होने वाले 'कोल्डप्ले' के कॉन्सर्ट के एक टिकट की कीमत 2500 से लेकर 35 हजार तक है। लेकिन इस बैंड की टिकट अब ब्लैक में 3 -4 लाख के दाम पर बेची जा रही है। 27 साल पहले यानी साल 1997 में



यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में 5 संगीत के दीवानों ने अपना एक रॉक बैंड शुरू करने का फैसला लिया था। शुरुआत में इन पांचों ने खुद के बैंड को 'बिग फैट नॉइस' (बड़ा सा शोर) नाम दिया था। फिर कुछ समय बाद ये 5 रॉकस्टार अपने इस बैंड को 'स्टारफिश' कहने लगे और आखिरकार उन्होंने तय कर लिया कि वो खुद को 'कोल्डप्ले' कहेंगे और साल 1998 में उन्होंने अपना पहला गाना रिलीज कर दिया।

### अपने रोडीज़ को साथ लेकर चलता है ये बैंड

भले ही स्टेज पर इस बैंड के 4 रॉकस्टार अपना कमाल दिखाते हैं, लेकिन हर कॉन्सर्ट के लिए इन रॉकस्टार के साथ एक बड़ी टीम ट्रेवल करती है। अपनी इस टीम को 'कोल्डप्ले' बैंड ने रोडीज का नाम दिया है। 'कॉलप्ले' की लगभग 20 से 25 लोगों की टीम होती है। लेकिन ये परिस्थितियों के अनुसार घटती बढ़ती भी है। बैंड वाले कुछ लोकल लोगों को भी हायर करते हैं।



# डेटिंग एप पर हैं कई सेलेब्स

**नई दिल्ली।** उर्वशी रौतेला ने बहुत ही हैरान कर देने वाली बात बताई है। उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि एक डेटिंग एप है जिसपर बहुत सारे सेलेब्स हैं। उर्वशी ने इस डेटिंग एप का नाम और इस पर मौजूद दो सेलेब्स के नाम का भी खुलासा किया है। रौतेला ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं राया (डेटिंग एप) पर हूं, लेकिन सिर्फ अपने दोस्तों के लिए, किसी और चीज के लिए नहीं। ऋतिक भी हैं राया पर। मैंने तो आदित्य रॉय कपूर को भी देखा है एप पर, राया पर तो और भी कई सारे सेलेब्स हैं।' उर्वशी बोलीं, 'मेरे पास पहले से ही उनके नंबर हैं। मुझे राइट स्वाइप करने की क्या जरूरत है? अगर मुझे उनसे मिलना होगा और उनके पास टाइम होगा तो हम यूं ही मिल लेंगे और हां, राया पर सेलेब्स को रिक्वेस्ट भेजने के लिए फीस भी पे करनी पड़ती है।' सोशल मीडिया पर ऋतिक, अर्जुन कपूर और आदित्य की डेटिंग प्रोफाइल वायरल हो रही है।

# 7वीं क्लास में हुआ पहला क्रश, कई टॉप एक्ट्रेसेस को किया डेट तो कहलाए 'प्लेबॉय'

बॉलीवुड में हर स्टार की अपनी कहानी है और हर किसी की कहानी में कुछ ना कुछ दिलचस्प है। उनका बचपन हो, अफेयर हो या फिर फिल्मी करियर, इनमें कुछ ना कुछ ऐसा रहा जिसने उनको अलग पहचान दी। ऐसा ही एक एक्टर है जिसने बॉलीवुड की इतनी एक्ट्रेसेस को डेट किया कि उसे 'प्लेबॉय' तक का टैग मिल गया।

**नई दिल्ली।** हम बात कर रहे हैं कपूर खानदान के हैंडसम हंक रणबीर कपूर की, जो आज (28 सितंबर) अपना जन्मदिन मना रहे हैं। एक्टर अब 43 साल के हो गए हैं। रणबीर कपूर ने साल 2007 में आई फिल्म 'सांवरिया' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इंडस्ट्री में उन्हें 17 साल हो गए हैं और इस 17 सालों में जितने चर्चे उनकी फिल्मों के रहे, उससे ज्यादा सुर्खियां उनके

### बचपन से ही रहे हैं काफी रोमांटिक

ऐसा नहीं है कि रणबीर कपूर फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद प्यार में पड़े। वे तो बचपन से ही काफी रोमांटिक रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब खुद एक इंटरव्यू में रणवीर ने बताया था कि उनका पहला किस 7वीं क्लास में ही हो गया था। तब उनकी उम्र महज 12-13 साल थी और उन्हें अपने क्लास की एक लड़की पसंद थी, जिसे उन्होंने सीढ़ियों के नीचे किस किया था।



### सोनम संग आई अफेयर की खबरें

रणबीर कपूर का नाम बॉलीवुड की कई टॉप एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा। एक्टर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' से अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन रणबीर और सोनम के प्यार के चर्चे परवान चढ़ रहे थे। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के अलग होने की खबरें आईं।

### दीपिका को किया डेट, पाक एक्ट्रेस संग जुड़ा नाम

रणबीर कपूर का कैटरीना कैफ के साथ भी लंबा रिलेशनशिप रहा। हालांकि, फिल्म 'जग्गा जासूस' के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। एक्टर का दीपिका पादुकोण के साथ अफेयर सबसे चर्चा में रहा, लेकिन ये रिश्ता भी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा एक्टर का नाम नरगिस फाखरी और पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान के साथ भी जुड़ा। ऐसे में रणबीर कपूर पर 'प्लेबॉय' का टैग लग गया।

### आलिया भट्ट से रणबीर ने रचाई शादी

बाद में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक-दूसरे के करीब आए और कुछ समय की डेटिंग के बाद दोनों ने शादी कर ली। अब दोनों एक बेटी राहा कपूर के पेरेंट्स हैं और एक हैप्पी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को ट्रिपल आईटी नागपुर का निर्माण ठेका मिला



**नई दिल्ली।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा विकास के लिए एक परियोजना का ठेका मिला है।''

### सिस्को ने चेन्नई में विनिर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन



**चेन्नई।** सिस्को ने भारत में अपनी पहली विनिर्माण सुविधा का चेन्नई में शुक्रवार को उद्घाटन किया। कंपनी ने कहा, इस रणनीतिक निवेश से कंपनी संयुक्त निर्यात और घरेलू उत्पादन से सालाना 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का उत्पादन करेगी। इस संयंत्र से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियां उत्पन्न होने की उम्मीद है।

### जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रवर्तक ने हिस्सेदारी बढ़ाई



**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग ने घोषणा की कि उसके प्रवर्तक तथा प्रबंध निदेशक अनमोल जग्गी ने खुले बाजार परिचालन के जरिये अतिरिक्त शेयर खरीदकर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। प्रवर्तकों में से एक अनमोल सिंह जग्गी ने खुले बाजार परिचालन के जरिये कंपनी के 12,000 शेयर का अधिग्रहण कर कंपनी में अधिक निवेश किया है।

### स्पाईजेट ने बकाया 145 करोड़ जीएसटी का किया भुगतान



**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी विमान कंपनी स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का पूरा बकाया चुका दिया है। स्पाइसजेट पर 145 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी बकाया था। उसने पिछले सप्ताह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### ऑथम व माही मिलकर प्रताप स्नैक्स में खरीदेंगे हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और माही मधुसूदन केला मिलकर प्रताप स्नैक्स में 46.85 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेंगे। वीट स्नैक्स ब्रांड रिच फीस्ट का परिचालन करती है। कंपनी ने अपने तीन निजी इक्विटी प्रवर्तकों से 846.60 करोड़ रुपये के सौदे में 46.85 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए प्रवर्तकों के साथ शेयर खरीद समझौता किया है।

### सीक्वेंट साइंटिफिक व वियाश ने की विलय की घोषणा

Sequent
SERVING FOR ANIMAL CARE

नई दिल्ली। सीक्वेंट साइंटिफिक और वियाश लाइफसाइंसेज ने शुक्रवार को विलय की घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर पशु स्वास्थ्य बाजार में नेतृत्व हासिल करना है। वियाश की परिचालन क्षमताओं के साथ विलय से संयुक्त इकाई का आकार महत्वपूर्ण रूप से बढ़ेगा। इसकी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षमताओं में वृद्धि होगी, इसकी आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी तथा संयुक्त इकाई उच्च वृद्धि वाले औषधि बाजारों में अग्रणी बनने की स्थिति में होगी।

# अब सॉवरेन गोल्ड बांड पर जरूरत के हिसाब से होगा फैसला, आया नया अपडेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम को बंद किए जाने के कयासों के बीच सरकार की ओर से नया अपडेट आया है। सरकार का कहना है कि सॉवरेन गोल्ड बांड की अगली किस्त का फैसला बाजार के हिसाब से होगा।

■ सरकार अगली किस्त का फैसला बाजार के हिसाब से करेगी

अगर बाजार में डिमांड होगी, तभी सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड की नई किस्त लाएगी। सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड की नई किस्त लाने से पहले बाजार की स्थितियों और जरूरतों का आकलन करेगी। एक रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है- यह कोई सोशल सिक्यारिटी स्कीम नहीं है। इसमें बॉरोइंग कॉस्ट सबसे ज्यादा है। ऐसे में नई किस्त लाने से पहले बाजार की स्थितियों और जरूरतों की समीक्षा की जाएगी।

**सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम को बंद करने के कयास के बीच नया अपडेट**

### साल 2015 में हुई थी स्कीम की शुरुआत

सॉवरेन गोल्ड बांड की शुरुआत साल 2015 में की गई थी। सरकार ने इस स्कीम को मुख्य रूप से सोने के आयात पर लगाम लगाने के लिए शुरू किया था। सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई सॉवरेन गोल्ड बांड जारी करता है। निवेशकों खास तौर पर गोल्ड में निवेश करने वालों के लिए यह पसंदीदा विकल्प बनकर उभरा है। हालांकि अब अगर इसे बंद किया जाता है तो स्कीम अपनी शुरुआत के 10 साल भी पूरे नहीं कर पाएगी।




### बांड के लोकप्रिय होने का कारण

सॉवरेन गोल्ड बांड की लोकप्रियता का कारण निवेशकों को उससे होने वाले कई लाभ हैं। मार्केट में भाव में आ रही तेजी के हिसाब से एसजीबी के निवेश की वैल्यू भी बढ़ती है। उसके अलावा निवेशकों को हर साल 2.5 फीसदी के ब्याज से कमाई होती है। गोल्ड बांड मैच्योर होने पर मिलने वाली रकम पूरी तरह से टैक्स-फ्री होती है। निवेशकों को ऑनलाइन बांड खरीदने पर 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट भी मिलती है। यह फिजिकल गोल्ड के मामले में मेकिंग चार्ज, स्टोरेज और मिलावट आदि जैसे झंझटों को भी दूर करता है।

### स्कीम को बंद करने के लग रहे कयास

सरकार की ओर से यह अपडेट ऐसे समय आया है, जब पिछले महीने से सॉवरेन गोल्ड बांड को बंद किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले महीने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड को डिसकंटीन्यू कर सकती है। रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि सरकार इस स्कीम को महंगा और जटिल मान रही है। इसी कारण सॉवरेन गोल्ड बांड को बंद करने पर विचार किया जा रहा है।

## वित्तीय समस्याओं से घिरी है आरआईएनएल

# आरआईएनएल को बचाने के लिए सरकार 'सेल' के साथ विलय पर कर रही विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय समस्याओं से घिरी इस्पात विनिर्माता आरआईएनएल को संकट से उबारने के लिए सरकार सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल के साथ उसके विलय की संभावना पर गौर कर रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि आरआईएनएल के आंध्र प्रदेश स्थित संयंत्र में परिचालन कायम रखने के लिए पूंजी मुहैया कराने के वास्ते एनएमडीसी को जमीन बेचने के अलावा बैंक ऋण जैसी योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है।

### एसबीआई ने दिया खासा कर्ज

हाल ही में आरआईएनएल के मुद्दे पर वित्तीय सेवाओं के सचिव, इस्पात सचिव और सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक एसबीआई के शीर्ष अधिकारियों की एक बैठक भी हुई। गौरतलब है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आरआईएनएल को खासा कर्ज दिया हुआ है।

### विनिवेश को सैद्धांतिक मंजूरी

श्रमिक संगठनों का मानना है कि दूसरे प्राथमिक इस्पात निर्माताओं की तरह आरआईएनएल को कभी भी निजी उपभोग वाली लौह अयस्क खदानों का लाभ नहीं मिला जो कि आरआईएनएल के समक्ष मौजूद संकट का प्रमुख कारण है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने जनवरी, 2021 में निजीकरण के जरिये आरआईएनएल में सरकारी हिस्सेदारी के 100 प्रतिशत विनिवेश को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी थी।

**कंपनी का कुल बकाया 35,000 करोड़**

इस्पात मंत्रालय के एक दस्तावेज के मुताबिक, आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में होने की वजह से अपनी न्यूनतम क्षमता पर चल रहा है और लगातार घाटे का सामना कर रहा है। इसका कुल बकाया 35,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।



### सरकार स्थायी समाधान निकालना चाह रही

सूत्रों ने कहा, /"सरकार इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालना चाहती है। जिन विकल्पों पर चर्चा की जा रही है उनमें से एक विकल्प आरआईएनएल का सेल के साथ विलय भी है।/" इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन क्षमता वाले इस्पात संयंत्र का संचालन करती है।

■ संकट से उबारने विलय की संभावना तलाशी जा रही

■ आरआईएनएल का संयंत्र आंध्रप्रदेश में कार्यरत है

### सेल का नियंत्रण भी इस्पात मंत्रालय के पास

देश की प्रमुख इस्पात उत्पादक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का नियंत्रण भी इस्पात मंत्रालय के पास है। आरआईएनएल के परिचालन के लिए पूंजी की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अलावा वित्तीय सहायता के लिए ऋणदाताओं से बातचीत करने और एनएमडीसी को पेलेट संयंत्र लगाने के लिए 1,500-2,000 एकड़ जमीन बेचने जैसे उपायों पर भी गौर किया जा रहा है।

### विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि इसके पहले दौर की प्रतिक्रिया उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में यह बात कही।

### अब तक 2600 करोड़ आवंटित

कार्यक्रम के सचिव ने कहा कि सरकार ने विशेष इस्पात के लिए 6,400 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना शुरू की थी, जिसमें से केवल 2,600 करोड़ रुपये ही आवंटित किए जा सके। विशेष इस्पात का इस्तेमाल रक्षा, मोटर वाहन और विद्युतीय आदि क्षेत्रों में किया जाता है।

*पीएलआई योजना का एक और दौर*

*पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात अब भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां और अधिक काम करने की जरूरत है। सरकार इसको प्रोत्साहित करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। उन्होंने कहा, '' इसलिए हम पीएलआई का एक और दौर ला रहे हैं ताकि हमें विशेष इस्पात कारोबार में अधिक रुचि मिल सके।''*

# केंद्र दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना कर रहा: सिंधिया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार देश में दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

■ क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीद

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों के दौरान 1.28 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किए हैं। पहले भारत में ज्यादातर मोबाइल फोन आयात किए जाते थे और निर्यात केवल 1,500 करोड़ रुपये का था। सिंधिया ने कहा, ''हम दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक बन गए हैं। आज 30 करोड़ मोबाइल फोन भारत में तैयार किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन का मूल्यवर्धन 20 प्रतिशत बढ़ा है और ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हमारी सरकार ने एफडीआई मानदंड बदल दिए हैं। मंत्री ने कहा कि भारत में करीब 98 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई था और पिछले 10 वर्षों में हमने 60 प्रतिशत की वृद्धि करके 160 अरब डॉलर कर दिया है।



### सिस्को के संयंत्र का उद्घाटन

सिंधिया तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा के साथ अमेरिकी नेटवर्क उपकरण विनिर्माता सिस्को के पहले विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर यहां आए थे।

### 4जी ढांचा बनाने वाला भारत दुनिया का छठवां देश


सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी स्वामित्व वाली भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा के आधार पर अपनी 4जी सेवाएं स्थापित करने का जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, ''हम अपना 4जी दूरसंचार ढांचा बनाने वाले दुनिया के छठे देश हैं और हम अगले साल के मध्य तक एक लाख टावर लगा देंगे। 2025 के मध्य तक हम पूरे भारत में 4जी प्रसार सुनिश्चित कर लेंगे।''

# सोना तीसरे दिन भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ एक नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के ताजा उच्च स्तर पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को सोना 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का विनिर्माताओं की ताजा मांग के कारण चांदी भी 500 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबार में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार सूत्रों ने कहा कि त्योहारों और शादी-ब्याह की मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ओर से बढ़ी खरीदारी तथा विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने की कीमतें इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।



■ चांदी में 500 रुपए की तेजी

■ सोना 50 रुपए बढ़कर 78 .300 रुपए प्रति दस ग्राम

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस रुख के कारण भी सर्राफा कीमतों में तेजी आई कि वे इस साल ब्याज दर में कटौती की आक्रामक गति बनाए रखेंगे।

### सोने के वायदा कारोबार में गिरावट

इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 181 रुपये की गिरावट के साथ 75,206 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंधों की कीमत 142 रुपये की गिरावट के साथ 92,522 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

**ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर को मिला पीएलआई प्रमाणन ...**



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के इलेक्ट्रिक स्कूटर एस1 एक्स 2केडब्ल्यूएच को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता आवश्यकताओं के तहत अनुपालन प्रमाणपत्र मिल गया है। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा, इसके साथ ही कंपनी के पास अब दोपहिया वाहनों में पांच उत्पाद हैं जो पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, '' ..उत्पाद के लिए पीएलआई प्रमाणन प्राप्त करना हमारी एकीकृत विनिर्माण शक्ति की पुष्टि करता है, जो भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।''प्रवक्ता ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी मोटर वाहन पीएलआई योजना एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम रही है। स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापक आर्थिक वृद्धि हासिल करने में कंपनियों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया है।

# एश्योरेंस इंटरनेशनल दो साल में 2,000 लोगों को देगी नौकरी

■ कंपनी वाहनों के लिए कल-पुर्जे बनाती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ASSURANCE

वाहनों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनी एश्योरेंस इंटरनेशनल अपनी वृद्धि रणनीति के तहत अगले दो साल में भारत में 2,000 लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह विभिन्न वैश्विक ब्रांड के लिए लाइसेंस प्राप्त उत्पादों की बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि भर्ती अभियान भारत के प्रमुख क्षेत्रों में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने पर केंद्रित होगा। इसमें इंजीनियरिंग, बिक्री, ग्राहक सहायता और संचालन में विविध अवसर प्रदान किए जाएंगे।

*कंपनी में वर्तमान में 500 कर्मचारी कार्यरत*

*लुब्रिकेंट्स, बैटरी, फिल्टर और अन्य कलपुर्जों का विनिर्माण और विपणन करने वाली गुरुग्राम की कंपनी के कर्मचारियों की संख्या करीब 500 है। यह भर्ती पहल तेजी से विकसित हो रहे वाहन खंड में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एश्योरेंस इंटरनेशनल की दीर्घकालिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।*

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 692 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।



■ समाप्त सप्ताह में भंडार में 2 .84 अरब डॉलर बढ़ी

*आरक्षित भंडार में गिरावट*

*विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.54 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.46 अरब डॉलर रहा।*

# ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से फिसला शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली के कारण गिरावट आई। इस वजह से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से गिरकर बंद हुए।

कारोबारियों ने कहा कि बैंकों और दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली होने से बाजार नए रिकॉर्ड स्तर को छूने के बाद गिर गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 264.27 अंक गिरकर 85,571.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 37.10 अंक गिरकर 26,178.95 पर बंद हुआ।



■ सेंसेक्स में 264 व निफ्टी में 37 अंक की गिरावट

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल में आए प्रभावशाली उछाल के बाद मानक सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, क्योंकि निवेशक ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली में लगे हुए थे।/" मझोली कंपनियों से जुड़े बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.29 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

## सीएसडीएल की नई व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू होगी

# अब स्टॉक बेचने पर देना होगा केवल 3.5 रुपए का टैरिफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप शेयर बाजार में ट्रेड या निवेश करते हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीएसडीएल) ने एक नए यूनिफॉर्म टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह नई व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगी।

■ 13 करोड़ से अधिक निवेशकों को होगा फायदा

एक और खास बात यह है कि इस नए टैरिफ स्ट्रक्चर में भी कुछ डिस्काउंट लागू रहेंगे। सीडीएसएल ने प्रति डेबिट लेनदेन 3.50 रुपए का यूनिफॉर्म टैरिफ पेश किया है। नया टैरिफ शेयरों से जुड़े सभी डेबिट लेनदेन पर लागू होगा। पहले सीडीएसएल प्रति डेबिट ट्रांजेक्शन 3.75 रुपए से 5.5 रुपये तक चार्ज करता था।

### डीमैट से शेयर बेचे जाने पर लगता है

सीडीएसएल जैसी डिपॉजिटरी द्वारा लेनदेन कॉस्ट वह शुल्क है जो डीमैट अकाउंट से शेयर बेचे जाने पर लिया जाता है। सीडीएसएल एशिया की एकमात्र लिस्टेड डिपॉजिटरी सर्विस है, जिसका मार्केट कैप लगभग 31,300 करोड़ रुपए है। पिछले एक साल में इसके शेयर की कीमत 125 प्रतिशत बढ़ चुकी है। बीएसई से लिस्ट सीडीएसएल के पास 13 करोड़ से अधिक निवेशक हैं।



### ट्रेडिंग की सुविधा

सीडीएसएल इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर, बांड और म्यूचुअल फंड जैसी सिक्योरिटीज को रखने और उनका ट्रेडिंग करने की सुविधा प्रदान करता है। सीडीएसएल ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि यह घोषणा सेबी के 'टू टू लेबल' सर्कुलर के अनुरूप है और इसका उद्देश्य निवेशकों के लिए लेनदेन कॉस्ट को सरल बनाना है।

### महिलाओं को 0.25 की अतिरिक्त छूट मिलेगी

हालांकि, सीडीएसएल कुछ छूट देना जारी रखेगा और उसमें महिला डीमैट अकाउंट होल्डर्स (सोलो या फर्स्ट होल्डर्स के रूप में) द्वारा किए गए डेबिट लेनदेन के लिए 0.25 रुपए की छूट और म्यूचुअल फंड, बांड आईएसआईएन (इंटरनेशनल सिक्यूरिटी आईडेंटिफिकेशन नंबर) में लेनदेन के लिए 0.25 रुपए की छूट है। सीडीएसएल भारतीय इक्विटी बाजार में डिपॉजिटरी सर्विसेज मुहैया करवाता है। यह इलेक्ट्रॉनिक रूप में सिक्योरिटिज को रखने और ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है।

# भारत यूपीआई जैसा मंच टोबैगो त्रिनिदाद में विकसित करेगा



**नई दिल्ली।** एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के समान तत्काल भुगतान मंच विकसित करने के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय (एमडीटी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। एनपीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह सहयोग एक मील का पत्थर है, जिससे त्रिनिदाद और टोबैगो विश्व स्तर पर लोकप्रिय यूपीआई को अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बन गया है। बयान के मुताबिक यह कदम दोनों देशों के बीच मजबूत, दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों पर आधारित है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य त्रिनिदाद और टोबैगो को व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) लेनदेन के लिए एक विश्वसनीय और तत्काल भुगतान मंच स्थापित करने में मदद करना है।

देश और प्रदेश सरकार ने बौद्ध देशों के कलाकारों, मीडिया, टूर ट्रैवल्स आपरेटरों को भारत आमंत्रित कर बौद्ध सर्किट का दौरा कराना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना से बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

**विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की कवायद**

# केंद्र और राज्य सरकार के पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ स्थलों की जानकारी विदेशियों को मातृ भाषा में देंगें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बौद्ध देशों के पर्यटक अपने देश के भीतर स्वयं की मातृ भाषा में भारतीय बौद्ध सर्किट के तीर्थ स्थलों को जान समझ सकेंगे। अब तक पर्यटक अंग्रेजी भाषा में ही बौद्ध तीर्थस्थलों के संबंध में जानकारी पाते थे। केंद्र और राज्य का पर्यटन विभाग बौद्ध देशों में सक्रिय हो गया है। सरकार की इस योजना से बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।


बिहार के बोधगया में भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति

### विदेशियों को बौद्ध सर्किट का दौरा कराना शुरू किया

इसके लिए देश और प्रदेश सरकार ने बौद्ध देशों के कलाकारों, मीडिया, टूर ट्रैवल्स आपरेटरों को भारत आमंत्रित कर बौद्ध सर्किट का दौरा कराना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है, 6 सितंबर को बतौर अतिथि वियतनाम की मीडिया और टूर ट्रैवल्स आपरेटर के संयुक्त दल ने कुशीनगर का दौरा किया था। इस क्रम में शुक्रवार को कोरियाई कलाकारों के दल ने कुशीनगर का दौरा पूरा कर सारनाथ के लिए रवाना हुआ। विदेशी पर्यटन कारोबारी, मीडियाकर्मी, कलाकार अपनी मातृ भाषा में वीडियो, फोटो, दृश्य आदि प्रमुख मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया साइट तथा चैनल आदि पर अपलोड करेंगे तो पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा और भारतीय बौद्ध सर्किट में उनकी संख्या बढ़ेगी।

### बुद्ध की शिक्षाओं की दे रहे जानकारी

सरकार नवीन नीति के माध्यम से इन देशों के पर्यटकों को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने में मदद कर रही है और बुद्ध के जीवनकाल के दौरान उनके पदचिह्नों से अवगत कराकर उन्हें आकर्षित कर रही है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़े, इस दिशा में प्रदेश और केंद्र की सरकार बौद्ध देशों के भीतर अनेक योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। वियतनामी और कोरियाई दलों का आना इसी योजना के तहत हुआ है।

पर्यटन मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल

### पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी की शुरुआत की

*पर्यटन मंत्रालय ने 'पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी' नाम से एक राष्ट्रीय उत्तरदायी पर्यटन पहल की शुरुआत की। प्रधानमंत्री के विजन के आधार पर पर्यटन को सामाजिक समावेशन, रोजगार और आर्थिक प्रगति के साधन के रूप में सक्षम बनाने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने भारत भर के 6 पर्यटन स्थलों - ओरछा (मध्य प्रदेश), गंडीकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार), आइजोल (मिजोरम), जोधपुर (राजस्थान) और श्री विजयपुरम (अंडमान - निकोबार द्वीप समूह) में 'पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी' की शुरुआत की। इसमें उन सभी व्यक्तियों को पर्यटन से संबंधित प्रशिक्षण और जागरूकता प्रदान करके ऐसा किया जा रहा है।*

**अतुल्य भारत कंटेंट हब शुरू**

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर नए सिरे से तैयार किए गए अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल पर अतुल्य भारत कंटेंट हब शुरू किया। अतुल्य भारत कंटेंट हब एक व्यापक डिजिटल संग्रह है। इसमें भारत में पर्यटन से संबंधित उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का समृद्ध संग्रह है। इसका उद्देश्य दुनिया भर में यात्रा व्यापार (यात्रा मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट) के लिए अतुल्य भारत पर अपनी जरूरत की हर चीज को एक ही स्थान पर एक्सेस करना आसान और सुविधाजनक बनाना है।

**कोविड 19 के बाद विदेशी पर्यटक**

दरअसल, कोविड 19 के दौर के बाद बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। विशेषकर मंदी के चलते जापान के पर्यटकों की संख्या आंशिक और राजनयिक कारणों से चीन के पर्यटकों की संख्या शून्य हो गई है। ऐसे में बौद्ध सर्किट का पर्यटन थाइलैंड, वियतनाम, ताइवान, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, म्यांमार, लाओस और भूटान के पर्यटकों पर केंद्रित हो गया है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में कई जगह एनआईए का छापा




**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 9 जून को रियासी में हुए आतंकी हमले के सिलसिले में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सात जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। हमले में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी वहीं 41 घायल हो गए थे। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद 17 जून को जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। मामले में एनआईए की कई टीमें राजौरी और रियासी जिलों में तलाशी ले रही हैं।

### हिमाचल प्रदेश में शिवलिंग तोड़ा, लोगों में रोष



**नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के उपमंडल नगरोटा बगवां में मंदिर में स्थापित शिवलिंग के तोड़े जाने को लेकर माहौल गरमा गया। हिंदू संगठनों सहित स्थानीय लोगों ने इस घटना को लेकर रोष प्रकट करते हुए नगरोटा बगवां बाजार में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोग बाजार में किराए पर ली गई मुस्लिमों की दुकानों को खाली करवाने पर उतारु हो गए। दुकानों को खाली करवाने के मामले को लेकर पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच काफी बहसबाजी भी हुई।

### फडणवीस के ऑफिस के बाहर महिला का हंगामा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के दक्षिण मुंबई में मंत्रालय स्थित कार्यालय के बाहर लगी उनकी नेमप्लेट को एक महिला ने तोड़ दिया। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है और इस संबंध में मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने महिला का पता लगाने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया है। घटना गुरुवार शाम 6.30 बजे के बाद हुई, जिसमें महिला ने नेम प्लेट हटा दी और वहां से जाने से पहले उसे फर्श पर पटक दिया।

### शिखर को 'दलाई लामा' नाम देने से भड़का चीन



**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में दिरांग स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स के 15 पर्वतारोहियों की एक टीम ने एक चोटी पर चढ़ाई की। टीम ने तवांग में जन्मे छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो (17वीं-18वीं सदी) के सम्मान में इसका नाम 'त्सांगयांग ग्यात्सो पीक' रखा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने अज्ञात चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर निराशा व्यक्त की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस, महासभा अध्यक्ष यांग से मुलाकात की

# सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए 'विस्तार' करने पर दोनों ने दी सहमति

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं। इस दौरान वे लगातार विश्व के कई देशों के विदेश मंत्रियों से लगातार द्विपक्षीय बैठकें कर रहे हैं। यूएनजीए के अध्यक्ष के साथ उन्होंने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा 'विविधता में एकता', 'शांति' एवं 'मानव कल्याण' के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है।

◆ यूएनएससी को पारदर्शी, कुशल, प्रभावी और लोकतांत्रिक बनाने पर जोर दिया

**'भविष्य का समझौता' अंगीकार किया**

विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से 'भविष्य का समझौता' को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे 'विस्तारित' करने पर भी सहमत हुए।

### मिस्र से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

जयशंकर ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलट्टी के साथ भी 'गर्मजोशी भरी पहली बैठक' की और द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने मोंटेनेग्रो के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एर्विन इब्राहिमोविक मुलाकार में व्यापार, स्वास्थ्य और पर्यटन में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

### बेलारूस, रोमानिया के विदेश मंत्री से मुलाकात

जयशंकर ने बेलारूस के विदेश मंत्री मक्सिम रायजेनकोव से भी मुलाकात की और 'स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी तथा गहरे आर्थिक संबंधों में संभावनाओं' पर चर्चा की। जयशंकर ने रोमानियाई समकक्ष लुमिनिटा ओडोबेस्कु से भी मुलाकात की और पर्यटन एवं रक्षा क्षेत्र में बढ़ती द्विपक्षीय गतिविधियों का जायजा लिया।

### भारत को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया

जयशंकर ने कहा कि न्यूयॉर्क में यूएन के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। 1960 के दशक में पनपा 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### प्राथमिकताओं और प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की

यांग ने कहा कि मुझे भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत करते हुए खुशी हुई। हमने संयुक्त राष्ट्र महासभा 79 के लिए प्राथमिकताओं और प्रमुख मुद्दों तथा भविष्य के शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा की। मैंने 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने में भारत की भूमिका की भी सराहना की।

यूएनएससी में बढ़ेगी भारत की ताकत

## फ्रांस के बाद अब यूके ने स्थायी सदस्यता के लिए दिया समर्थन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने की वकालत दुनिया के कई देश कर रहे हैं। अब इस सूची में ब्रिटेन का भी नाम जुड़ गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने गुरुवार को भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने के लिए अपना समर्थन दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी है। कीर स्टार्मर ने कहा कि सुरक्षा परिषद में विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए और इसे काम करने वाला होना चाहिए न कि राजनीति की वजह से पंगु होना चाहिए।

### फ्रांस ने भी दिया था समर्थन

संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन दिया था। अपने संबोधन में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस, सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है और जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही अफ्रीका से भी दो देशों को इसमें प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इससे पहले अमेरिका की संयुक्त राष्ट्र में राजदूत लिंडा थॉमस ने भी एक कार्यक्रम में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन किया था।

## भारत से रिश्ते सुधारने में जुटा तुर्किये



तुर्किये भारत के साथ अपने रिश्ते सुधारने में जुटा हुआ है। तुर्किये के राष्ट्रपति रैकप तैयप एर्दोगन ने इस बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर मुद्दे का जिक्र नहीं किया। संयुक्त राष्ट्र में उनका भाषण गाजा की स्थिति पर केंद्रित रहा। जहां हमास के खिलाफ इस्राइली हमले में अब तक 40 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। दरअसल, 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद एर्दोगन ने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत की वकालत की थी। इसके साथ ही उन्होंने हर साल संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे का जिक्र जरूर किया। मगर इस बार एर्दोगन ने गाजा में फिलीस्तिनियों की स्थिति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र पर लोगों की मौत को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास पूरा

## सामरिक कौशल में सुधार के साथ द्विपक्षीय संबंध गहरे हुए



एजेंसी ▶▶ मस्कट

भारत-ओमान के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह के 5वां संस्करण का 26 सितंबर 2024 को समापन हो गया। ओमान के रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित समापन समारोह में ओमान में भारतीय राजदूत अमित नारंग और ओमान में भारतीय रक्षा अताशे कैप्टन हरीश श्रीनिवासन उपस्थित थे।

### 60 सैनिकों ने हिस्सा लिया

समापन समारोह से पहले एक भव्य संयुक्त लाइव-फायर प्रदर्शन किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए दोनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और अंतर-संचालन क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में दोनों सेनाओं के करीब 60 सैनिकों ने भाग लिया। दो सप्ताह तक चले द्विपक्षीय अभ्यास का समापन हो गया।

भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच निवेश संधि

## दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ ताशकंद




भारत और उज़्बेकिस्तान सरकार ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) की है। इस संधि पर केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और उज़्बेकिस्तान के उप प्रधानमंत्री खोदजायेव जमशेद अब्दुखा किमोविच ने हस्ताक्षर किए। बीआईटी पर हस्ताक्षर आर्थिक सहयोग बढ़ाने और अधिक मजबूत एवं लचीला निवेश वातावरण बनाने के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बीआईटी से द्विपक्षीय निवेश में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होने की आशा है, जिससे दोनों देशों में व्यवसायों और अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। यह भारतीय निवेशकों को उचित सुरक्षा का आश्वासन देता है। यह मध्यस्थता के माध्यम से विवाद निपटान के लिए स्वतंत्र मंच और निवेश को जब्ती से सुरक्षा प्रदान करता है।

आईएन-स्टेप के प्रतिनिधियों से बोले उपराष्ट्रपति धनखड़

## वैश्विक बदलावों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि, शांति की स्थापना तभी संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में अंतरराष्ट्रीय सामरिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए वैश्विक शांति और सतत विकास के बीच मूलभूत संबंध पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शांति की स्थापना मजबूत स्थिति में ही संभव है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में 11 सैन्य नागरिकों सहित 21 देशों के 27 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल हैं।



### साइबर अपराध से निपटने की आवश्यकता

उपराष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और आतंकवाद से लेकर जलवायु परिवर्तन और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों तक के आधुनिक खतरों से निपटने के लिए बहुपक्षीय भागीदारी आवश्यक है। उभरती हुई तकनीकें वैश्विक नेरेटिव को आकार देने और गलत सूचनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की बढ़ी मुसीबतें

# दुर्गा पूजा से पहले कट्टरपंथी बोले- मूर्तियों की पूजा नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के हटने के साथ ही अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लिए मुसीबतें बढ़ रही हैं। बंगालियों का सबसे बड़ा त्योहार, दुर्गा पूजा नजदीक आने के साथ ही कट्टरपंथी इस्लामी समूह त्योहार को खुले तौर पर मनाने का विरोध कर रहे हैं। ये कट्टरपंथी त्योहार के दौरान देशव्यापी छुट्टियों के खिलाफ हैं। हाल ही में कट्टरपंथी समूहों ने ढाका के सेक्टर 13 में एक मार्च भी निकाला, जिसमें हिंदुओं द्वारा दुर्गा पूजा के लिए खेल के मैदान के इस्तेमाल का विरोध किया गया। इंसाफ कीमकारी छात्र-जनता नामक एक संगठन ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बांग्ला में तख्तियों पर लिखा था, 'सड़कें बंद करके कहीं भी पूजा नहीं की जाएगी, मूर्ति विसर्जन से जल प्रदूषण नहीं होगा, मूर्तियों की पूजा नहीं की जाएगी।'

### इंसाफ कीमकारी छात्र-जनता संगठन ने विरोध जताया




### बांग्लादेश के हिंदू भी करें भारत का विरोध

संगठन की मांग में बांग्लादेश में कई जमीन पर कब्जा करके बनाए गए मंदिरों को हटाना भी शामिल है। एक अन्य मांग में कहा गया है कि चूंकि भारत बांग्लादेश का राष्ट्रीय दुश्मन है इसलिए बांग्लादेश के हिंदू नागरिकों को भी भारत विरोधी होना चाहिए। इस कारण से, भारत विरोधी बैनर और भारत विरोधी नारे मंदिरों में रखे जाने चाहिए।

**दुर्गा पूजा के लिए छुट्टियों का विरोध**

संगठन ने तर्क दिया कि चूंकि हिंदू आबादी दो प्रतिशत से भी कम है इसलिए दुर्गा पूजा के लिए सार्वजनिक छुट्टियों की जरूरत नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे मुस्लिम बहुसंख्यकों का जीवन बाधित होता है। यह भी दावा है कि धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए किसी भी मुस्लिम को हिंदू त्योहारों के समर्थन में शामिल नहीं होना चाहिए।

भारत को लेकर नरम पड़े मालदीव के तेवर

## राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- हमने कभी नहीं चलाया 'इंडिया आउट' एजेंडा

एजेंसी ▶▶ माले



भारत के खिलाफ तल्ख तेवर दिखाते रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अब कुछ नरम पड़ते नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' एजेंडा चलाने से इनकार किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचे राष्ट्रपति मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के डीन लीडरशिप सीरीज के एक कार्यक्रम में पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग देश में एक भी विदेशी सैनिक नहीं चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी का अपमान करने वाले उप-मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। किसी को भी ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए। मैंने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। मैं किसी का भी इस तरह अपमान नहीं करूंगा। चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)